वर्ष- 21 अंक - 282 | cityblastindore@gmail.com | RNI NO. MPHIN/2005/15582 | fb.com/cityblastindore | मूल्य-2 रुपए पृष्ठ 12

दोपहर दैनिक
# सिटी ब्लास्ट
निर्भिक व निष्पक्ष पत्रकारिता...
इंदौर, रविवार 29 मार्च 2026



## हिमंता को महिला ने लगाया गले किया किस

**गुवाहाटी.एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा धेमाजी में चुनाव प्रचार कर रहे थे। इस दौरान सैकड़ों महिलाएं उनके समर्थन में पहुंची थीं। हिमंत बिस्वा सरमा को भावुक महिला समर्थकों के एक समूह ने घेर लिया, जिनमें से कई की आंखों में आंसू थे और कुछ हंस रही थीं। वे उन्हें गले लगाने, उन पर फूल की पंखुड़ियां बरसाने और हाथ मिलाने लगी थीं। एक महिला ने हिमंता को गले भी लगा लिया और गाल पर किस भी कर दिया। हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि इन किस में पवित्रता, एकता और प्रेम है। यह रातोंरात नहीं मिला, बल्कि 25 वर्षों की तपस्या के बाद प्राप्त हुआ है।

## अयोध्या से बलिया जा रही बस पेड़ से टकराई 30 श्रद्धालु घायल

**मऊ, ( एजेंसी )।** उत्तरप्रदेश के मऊ में अयोध्या से बलिया जा रही श्रद्धालुओं से भरी बस पेड़ से टकरा गई। हादसे में करीब 30 यात्री घायल हो गए। बस में फंसे लोगों को बुलडोजर की मदद से बाहर निकाला गया।

## इमारत में लगी आग, 4 लोगों ने लगाई छलांग

**नई दिल्ली, ( एजेंसी )।** दिल्ली के गोकुलपुरी स्थित पांच मंजिला मकान में देर रात पार्किंग में खड़ी स्कूटी और बाइक में आग लगने से धुआं ऊपर तक फैल गया। घबराकर चार लोगों ने पहली मंजिल से छलांग लगाई, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया। दमकल की 11 गाड़ियों ने आग पर काबू पाया और लोगों को सुरक्षित रेस्क्यू किया। सभी सुरक्षित हैं।

## खून जैसा लाल हुआ आसमान!

**मेलबर्न.एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया में 28 मार्च को ऐसा नजारा देखने को मिला, जिसने



लोगों को हैरान कर दिया। दिन के समय अचानक आसमान गहरे लाल रंग में बदल गया। शार्क बे और डेनहम जैसे इलाकों में चारों तरफ लाल धूल की चादर छा गई, जिससे सड़कें, घर और समुद्र का किनारा तक लाल नजर आने लगा। इस डरावने मंजर को देख लोग बोले कि अब अंत नजदीक है।

# नरक में तुम्हारा स्वागत है ‘ताबूत में वापस जाओगे’

### ईरान की अमेरिकी सैनिकों को चेतावनी




तेहरान.एजेंसी। ईरान के प्रमुख अंग्रेजी अखबार 'तेहरान टाइम्स' ने अपने फ्रंट पेज पर अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए किसी भी संभावित जमीनी हमले के खिलाफ खुली चेतावनी जारी की। अखबार ने साफ कहा कि अगर विदेशी सैनिक ईरानी जमीन पर कदम रखते हैं, तो वे सिर्फ 'ताबूतों में ही लौटेंगे'। तेहरान टाइम्स के फ्रंट पेज पर 'वेलकम टू हेल' हेडलाइन के साथ पब्लिश यह चेतावनी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिका ईरान में जमीनी सैन्य अभियान शुरू करने पर विचार कर रहा है।

## ईरान पर जमीनी हमले के लिए 3500 अमेरिकी सैनिक पहुंचे

**रविवार ● एजेंसी**

अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन ने ईरान में संभावित जमीनी सैन्य अभियान की तैयारी तेज कर दी है। वहीं अमेरिका ने क्षेत्र में 3500 से ज्यादा सैनिक तैनात किए गए हैं। युद्धपोत, सैनिक और लड़ाकू विमान तैनात किए जा रहे हैं। अमेरिकी नौसेना का युद्धपोत करीब 2500 मरीन सैनिकों को लेकर मिडिल ईस्ट पहुंच गया है। इस जहाज पर 31सबमरीन एक्सपेडिशनरी यूनिट के सैनिक तैनात है। इस बीच यूएई ने कहा- ईरान के ड्रोन-मिसाइलों से मुकाबला जारी है। उधर अमेरिका ने कहा कि हमने अब तक ईरान में 11000 से अधिक टारगेट्स पर अटैक किया है।

# ट्रंप के खिलाफ सड़कों पर उतरे लाखों लोग

**वॉशिंगटन.एजेंसी।** अमेरिका में नो किंग्स प्रदर्शन हुआ, जिसमें लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति ट्रंप की नीतियों, बढ़ती महंगाई और ईरान युद्ध के खिलाफ आवाज उठाई। न्यूयॉर्क और सैन फ्रांसिस्को में लोग मार्च कर नारे, तख्तियां, गाने और नृत्य के जरिए विरोध जताते दिखे। इस प्रदर्शन में लाखों लोगों ने हिस्सा लिया। प्रदर्शन सभी बड़े शहरों और छोटे कस्बों में हुए, जिनमें रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों राज्यों के लोग शामिल थे।




## नेपाल में अब पूर्व ऊर्जा मंत्री गिरफ्तार

**काठमांडू.एजेंसी।** नेपाल में नई सिरकार बनने के बाद पूर्व प्रधानमंत्री ओली को गिरफ्तार किया गया था। अब पूर्व ऊर्जा मंत्री को भी गिरफ्तार किया गया है। ओली की गिरफ्तारी के विरोध में उनके समर्थकों ने जगह-जगह पथराव, तोड़फोड़ और आगजनी की।

## सिर काटकर चूल्हे में जलाने लगा

**बाराबंकी.एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के बाराबंकी जिले में 50 साल के शंकर ने आइसक्रीम बेचने वाले 26 वर्षीय युवक बबलू का सिर धड़ से अलग कर दिया और फिर सिर को चूल्हे में जलाने लगा। बताया जाता है कि आइस्क्रीम के पैसे को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ था।

## सपा कार्यकर्ता के घर से 1400 लीटर पेट्रोल-डीजल बरामद

**अमेठी.एजेंसी।** देश में डीजल-पेट्रोल की कमी की अफवाहों के बीच अमेठी में प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है और सपा कार्यकर्ता के घर से 1400 लीटर तेल बरामद किया है। आरोपी सपा कार्यकर्ता पूर्व मंत्री गायत्री प्रसाद प्रजापति का करीबी भी बताया जा रहा है।

## थार ने बुजुर्ग और 2 बच्चों को रौंदा

**गुरुग्राम, ( एजेंसी )।** गुरुग्राम के पास तेज रफ्तार थार ने बुजुर्ग और दो मासूमों की जान ले ली। हादसे के बाद आरोपी चालक फरार हुआ, लेकिन पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## किम जोंग ने किया नए सुपर पावर मिसाइल इंजन का परीक्षण

**रविवार, ( एजेंसी )।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने एक नए सुपर पावर मिसाइल इंजन का सफल परीक्षण किया, जिसकी रेंज में अमेरिका तक आ सकता है।

## बैंक ऑफ अमेरिका को बम से उड़ाने की आतंकी साजिश नाकाम

**पेरिस.एजेंसी।** पेरिस के 8वें अरोंडिस्मेंट में बैंक ऑफ अमेरिका की इमारत के बाहर बम हमले की कोशिश को पुलिस ने नाकाम कर दिया। एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया जबकि दूसरा फरार है। बैंक ऑफ अमेरिका के परिसर के पास दो संदिग्धों को एक शॉपिंग बैग ले जाते हुए देखा। जब पुलिस ने उन्हें टोका, तब एक संदिग्ध लाइटर की मदद से एक डिवाइस को जलाने की कोशिश कर रहा था। पुलिस की मुस्तैदी की वजह से वो अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो पाया। पुलिस ने उसे तुरंत दबोच लिया, लेकिन दूसरा संदिग्ध अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया।

## धुरंधर' की आधी कमाई पाकिस्तानियों ने मांगी

**रविवार.एजेंसी।** फिल्म धुरंधर2 अब तक 1100 करोड़ रुपए कमा चुकी है। यह फिल्म पाकिस्तान के ल्यारी की गैंगवॉर और पॉलिटिक्स को खासतौर से दिखाती है। पाकिस्तान के ल्यारी इलाके के लोगों ने इस फिल्म की कमाई का आधा हिस्सा अपने इलाके के लिए मांगा है ताकि यहां सड़क बन जाए और शहर का विकास हो जाए।

## रामनवमी जुलूस पर पथराव करने वालों की कराई परेड

**धनबाद.एजेंसी।** झारखंड में धनबाद के भिखराजपुर में रामनवमी जुलूस के दौरान पथराव की घटना सामने आई थी, जिसमें करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए थे। इस मामले में पुलिस ने 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों की शहर में परेड कराई। इसी के साथ अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।पथराव करने वालों में 40 से 50 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है।



# गाइड लाइन बनाने में पारदर्शिता और नियम पाले गए क्या-कांग्रेस

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता एडवोकेट प्रमोद द्विवेदी ने वरिष्ठ जिला पंजीयक द्वारा दी गई सार्वजनिक सूचना पर प्रश्न खड़ा किया है। पंजीयक ने सूचना दी थी कि कोई भी याचिका गाइड लाइन को लेकर दायर की जाती है तो उस याचिका के पूर्व एक प्रति महानिरीक्षक पंजीयक कार्यालय को भेजी जाए। इस पर द्विवेदी ने कहा कि पंजीयक कार्यालय ने क्या गाईडलाइन बनाने में पारदर्शिता रखी गई, गाईडलाइन बनाने में नियमों का पालन किया गया, प्रस्तावित गाईडलाइन में ली गई आपत्ति का परीक्षण एवं निराकरण करके आपत्तिकर्ता को सूचना दी गई। केंद्रीय मूल्याकंन समिति में नामांकित सदस्य हितबंद व्यक्ति नहीं हैं उन्होंने गाईडलाइन पर आपत्ति नहीं ली है या ली है जानकारी प्रेषित की गई। द्विवेदी ने कहा कि गाईडलाइन में किस तरह मनमानी की गई जिसके कारण सैकड़ों रजिस्ट्री नहीं हुई, सन् 2025-26 के सबूत रखें गये। साथ ही साथ वरिष्ठ जिला पंजीयक यह भी बताएं कि सेवा सिविल आचरण अधिनियम का पालन कितना विभागीय अधिकारियों व्दारा किया जा रहा है किस नियम के तहत निजी इस्तेहार आदि मीडिया में इंटरव्यू दिये जाते हैं, सम्मान समारोह में सहभागिता सुनिश्चित की जाती है। वरिष्ठ जिला पंजीयक एवं पंजीयक एवं मुद्रांक अधीक्षक यह भी स्पष्ट करें कि कितने विभागीय अधिकारियों ने विभागीय सूचना पत्र पर कार्यवाही ना हो इस बाबद स्थगन आदेश न्यायालय से प्राप्त किया है। स्थानांतरण खिलाफ लगातार विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों व्दारा न्यायालय की शरण ली जाती है। स्थानांतरण खिलाफ याचिका लगाने के पहले विभाग को प्रति भेजी जाती है। सबसे पहले विभागीय अधिकारियों में सुधार सुनिश्चित करें, सेवा सिविल आचरण अधिनियम का पालन करना सुनिश्चित करवाए, गाईडलाइन बनाने की नीति का पालन सुनिश्चित करें। रजिस्ट्रेशन एक्ट कानून का, स्टाम्प एक्ट कानून का पालन सुनिश्चित करें। प्राकृतिक न्याय सिध्दांत पालन सुनिश्चित करें तथा संपदा सिस्टम में सुधार करवा पालन सुनिश्चित करें। द्विवेदी ने सवाल उठाया कि आखिरकार करोड़ों रुपए का राजस्व जनता देती है। नियम कायदे कानून अनुसार काम संपादित हो यह विभागीय अधिकारियों का दायित्व है। न्यायालय आम आदमी की आवाज का मंदिर, इसमें जाने से ना कोई रोक है ना बाध्यता है। सबसे पहले आईना देखें पंजीयन विभाग हिटलरशाही एवं कानून विपरीत कार्य पर आम आदमी न्यायालय नहीं जायेगा तो क्या मूक दर्शक बनकर सहन करेगा। उक्त पूर्ण जानकारी एडवोकेट और पूर्व प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता प्रमोद द्विवेदी ने दी।

## हार के बाद समीक्षा करने के बजाए चुनाव के पहले समीक्षा हो

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

सांवेर विधानसभा के वार्ड 35 के संभावित निगम प्रत्याशी राजा राजकुमार टोनेरे ने कांग्रेस हाईकमान से आग्रह किया है कि जिस तरह पिछली नगर निगम और विधानसभा चुनाव में पर्यवेक्षक, प्रभारी की नियुक्तियां की गई थी और इनकी अनुशंसा पर वरिष्ठ नेताओं ने प्रत्याशी चयन किए थे, किन-किन टिकटों की अनुशंसा की थी और उनके प्रत्याशी कितने हारे थे। जो हारे थे उन्हें पार्टी में कोई पद नहीं दिया जाए। हारने के बाद उन प्रत्याशियों ने अपने गृह क्षेत्र, वार्ड, बूथ पर क्या संगठन हित में काम किया यह भी देखा जाए। नेताओं की प्रत्याशी चयन क्षमता और पार्टी के लिए उनकी गंभीरता का भी संगठन को अंदाजा लगाना चाहिए। क्योंकि उन नेताओं उनके कार्यकर्ता, उम्मीदवार की वजह से कांग्रेस पार्टी और जनता के पांच साल खराब हुए हैं। संगठन को दीमक की तरह खाने वाले की जगह जमीनी ऊर्जावान और युवाओं को मौका देना चाहिए तभी जनता भी पार्टी को मौका देगी।

## सांसद लालवानी से किया विहिप के केन्द्रीय पदाधिकारियों ने सम्पर्क



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

विश्व हिन्दू परिषद ने राष्ट्रीय स्तर पर हिंदू समाज से जुड़े तीन ज्वलंत विषयों पर देशभर के 375 से अधिक सांसदों से 19 दिनों में सम्पर्क कर चर्चा की। इन्दौर के सांसद शंकर लालवानी से भी इसी कडी में विहिप के केन्द्रीय महामंत्री बजरंगलाल बागडा सहित अन्य ने सम्पर्क किया। जो तीन मुद्दे है उनमें 1. जनसंख्या असंतुलन पर एक व्यापक राष्ट्रीय चिंतन करते हुए एक प्रभावी जनसंख्या नीति बने। 2. धर्म प्राण भारत की आत्मा तीर्थों में बसती है। हिन्दू मंदिर सरकारी नियंत्रण से मुक्त हों तथा तीर्थाटन के विकास के लिए संस्कृति मंत्रालय में एक स्वतंत्र विभाग का गठन कर इनका चहुंमुखी विकास हो। 3. संविधान के अनुच्छेद 29 और 30 के प्रावधानों को देश के सभी नागरिकों के लिए समान रूप से लागू किया जाए जिससे कि सभी धर्मो को धार्मिक शिक्षा का भेदभाव रहित समान संवैधानिक अधिकार सुनिश्चित हो सके। साथ ही 'अल्पसंख्यक' शब्द को परिभाषित करने की आवश्यकता को भी रेखांकित किया गया। इस मामले में सांसदों से समय लेकर चर्चा की गई। दिल्ली में इस मामले में शंकर लालवानी से मुकेश जैन, अमित जैन, डॉ. मोनिका सोलंकी, सत्येन्द्र चौहान ने मुलाकात की। गन्नी चौकसे ने बताया कि मालवा प्रांत से लोकसभा के 8 एवं राज्य सभा के 4 सांसदों से संपर्क कर विषय पर चर्चा की गई।

## यादव और अरोड़ा बने महामंत्री





इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। राजीव विकास केन्द्र के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्रसिंह यादव ने वार्ड क्रमांक 65 से कांग्रेस पार्षद प्रत्याशी रहे सुनील यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मध्य प्रदेश ट्रांसपोर्ट महसंघ के अध्यक्ष संजय अरोड़ा को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है यादव एवम अरोरा की नियुक्ति पर कांग्रेसजन एवं समाजजनों ने बधाई दी है।

## समाजवादी पार्टी की महिला महासचिव का सम्मान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष बटेश्वरनाथ सिंह ने समाजवादी पार्टी में शामिल होने पर इंदिरा ढींगरा का स्वागत किया और इंदिरा ढींगरा को जिला महासचिव के पद पर नियुक्त किया। निरंजनपुर क्षेत्र में हुए कार्यक्रम में राजेन्द्र यादव, किशन गुरु, मनोज हडिया, सुरेश सूरजवानी मौजूद थे।



## अयोध्या में दर्शन के बाद दिग्विजयसिंह आज शाम आएंगे

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** राज्यसभा सांसद दिग्विजयसिंह ने अयोध्या में भगवान रामलला के दर्शन श्रद्धालु बनकर किए थे। इस धार्मिक यात्रा के बाद दिग्विजयसिंह आज शाम 4.05 मिनट पर दिल्ली से इन्दौर पहुंचेंगे और वे 1 घंटे के अंतराल से सज्जनसिंह वर्मा के यहां 4.30 बजे और हर्ष सुराणा के यहां 5.30 बजे परिवार में हुई मृत्यु पर शोक संवेदना देने पहुंचेगे। रात 9 बजे वे इन्दौर से प्रस्थान कर रात 10.35 बजे दिल्ली पहुंचेगे। उक्त जानकारी सुवेग राठी एवं नासिर खान ने दी।

## ज़नप्रतिनिधियों ने किया तहसील कार्यालय का भूमिपूजन



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

राऊ विधानसभा के देवगुराड़िया क्षेत्र के ग्राम सनावदिया में नवीन तहसील कार्यालय के निर्माण हेतु भव्य भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया। अभी क्षेत्र के ग्रामीणों को कलेक्टर कार्यालय जाना होता है, छोटे कार्यों के लिए भी सनावदिया, देवगुराडिया सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को कलेक्टर कार्यालय आना होता है जो काफी दूर है। इस भूमि पूजन कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, विधायक मधु वर्मा, भाजपा नेता रवि रावलिया, सरपंच उर्मिला बालकृष्ण सोलंकी, प्रकाश रावलिया, अनुराग पांड्या एवं अधिकारी एसडीएम अजय भूषण शुक्ला मौजूद रहे।

## समाजवादी नेता का निधन



**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** अग्रवाल समाज सियागंज एवं कालानी नगर अग्रवाल समाज के वरिष्ठ समाजसेवी, पुराने समाजवादी नेता और लोकतंत्र सेनानी श्री बाबूलाल अग्रवाल का 82 वर्ष की आयु में निधन हो गया। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। अधिकारी भी मौजूद रहे। शासन की ओर से पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की और पुलिस गार्ड्स ने सशस्त्र सलामी दी। मुक्तिधाम पर शोकसभा भी आयोजित की गई। अमिताभ सिंघल ने बताया कि बडी संख्या में अग्रवाल समाजजन मौजूद रहे।

# दशहरा मैदान रोड को भाजपाइयों ने पोस्टर से पाटा

## नर्मदा पेयजल योजना के चौथे चरण का भूमि पूजन कर रहे हैं मुख्यमंत्री

### संकल्प से समाधान शिविर का भी होगा आयोजन, 210 बसों से पहुंच रहे हैं भाजपा कार्यकर्ता, झोन अनुसार की व्यवस्था

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि







**इंदौर नगर निगम के द्वारा नर्मदा पेयजल योजना के चौथे चरण का भूमि पूजन समारोह आज दशहरा मैदान पर आयोजित किया गया है। इस समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भाग लेंगे। इसके साथ ही कार्यक्रम स्थल पर संकल्प से समाधान शिविर का भी आयोजन होगा।**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दशहरा मैदान में 'संकल्प से समाधान अभियान' के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर हितलाभ वितरण आयोजन कर रहे हैं। प्रदेश में 12 जनवरी से 31 मार्च तक संचालित इस अभियान के अंतर्गत इंदौर जिले में 1 लाख 44 हजार 912 आवेदनों का सफलतापूर्वक निराकरण किया गया। अभियान चार चरणों में संचालित हुआ, जिसमें ग्राम पंचायत से लेकर जिला स्तर तक शिविर आयोजित कर विभिन्न विभागों की 100 से अधिक सेवाओं को शामिल किया गया। समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित होने से शासन के प्रति आमजन का विश्वास और अधिक सुदृढ़ हुआ है। नर्मदा जल प्रदाय योजना के चौथे चरण का मुख्यमंत्री भूमिपूजन अमृत 2.0 योजना के अन्तर्ग कर रहे हैं। इस योजना को वर्ष 2040 तक बढ़ती आबादी से जोड़कर देखा जा रहा है, इसके लिए कई पैकेज अलग-अलग किए गए हैं। आज मुख्यमंत्री और सारे जनप्रतिनिधियों के अलावा शहर और जिला से भाजपाइयों का लाया जा रहा है। भाजपा ने आज 210 बसों को झोन वार लगाया। भाजपाइयों का बसों से दशहरा मैदान पहुंचना जारी है।

**आने वालों के लिए लंच पैकेट की व्यवस्था भी**

इधर राजेन्द्र नगर से दशहरा मैदान, महूनाका से दशहरा मैदान तक दोनों छोर को पोस्टरों से पाट दिया गया है। नगर भाजपा से लेकर महापौर और विधानसभा 4 और राऊ विधायक के फोटो और वरिष्ठ नेताओं के फोटो भी इन पोस्टरों में लगे हैं। इस आयोजन को लेकर भाजपा नगर अध्यक्ष ने कल दिन भर सम्पर्क और संवाद अभियान चलाया, बूथ से लेकर मंडल अध्यक्ष तक से बात की। इधर महापौर ने भी अपने 10 एमआईसी सदस्यों के अलावा निगम अधिकारियों से चर्चा की और दशहरा मैदान की व्यवस्था को चाकचौबंद कराया। अब लोगों को 24 घंटे घरों में पानी मिलने का इंतजार है। अलग-अलग पैकेज की योजनाओं को अलग-अलग समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं।

### सिरपुर एसटीपी का होगा लोकार्पण

मुख्यमंत्री सिरपुर क्षेत्र में 20 एमएलडी क्षमता के अत्याधुनिक सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का लोकार्पण करेंगे। लगभग 62.72 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस परियोजना के अंतर्गत 10 प्रमुख सीवर आउटफॉल को ट्रैप कर अशोधित सीवर को सीधे तालाब में जाने से रोका गया है। परियोजना में 8.5 किमी सीवर लाइन, 5 किमी ट्रीटेड वाटर रीयूज लाइन तथा 0.5 एमएल क्षमता का ओवरहेड टैंक स्थापित किया गया है। इसके माध्यम से उपचारित जल का उपयोग शहर के लगभग 25 उद्यानों, हरित क्षेत्रों एवं अन्य कार्यों में किया जाएगा।

### लंच पैकेट में देंगे खोपरा पाक

निगम द्वारा इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आ रहे सभी नागरिकों को लंच पैकेट दिए जाएंगे। इस लंच पैकेट में कैरी की लौंजी पुरी और खोपरा पाक दिया जाएगा। निगम द्वारा इस भोजन के 10000 पैकेट तैयार कराए गए है। उक्त पैकेट तैयार करने पर नगर निगम के करीब 10 लाख रुपए खर्च होंगे।

### रविवार का मिल रहा है लाभ

आज रविवार होने से भी भीड़ का लाभ मिल रहा है। सभी क्षेत्रों से बसों में भाजपाई खासतौर से महिलाएं कार्यक्रम स्थल पर पहुंच रही है। भाजपाई अपने साधनों से भी दशहरा मैदान पहुंच रहे हैं।

## महायज्ञ में विधायक की आहुतियां



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। महालक्ष्मी नगर राधिका पैलेस ग्राउंड पर राम तारक महायज्ञ में विधायक महेन्द्र हार्डिया, डॉ. निशांत खरे, डॉ. करणसिंह रघुवंशी, संतोष पुरोहित ने शिरकत की।

## जिला कांग्रेस ने कर दिया पदाधिकारियों का पूरा कोरम

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। जिला कांग्रेस ने अपने मंडलम, पंचायत अध्यक्ष और समिति और नगर परिषद वार्ड अध्यक्ष और समिति को बना लिया है। केवल ब्लॉक राऊ में पदाधिकारियों का मनोनयन बाकी है, बाकी अपना कोरम पूरा कर लिया है।

## मुख्यमंत्री सुन रहे हैं प्रधानमंत्री के मन की बात

### विमानतल पर नगर भाजपा ने की व्यवस्था

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि



हर माह के अंतिम रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का आयोजन होता है। इस प्रसारण को भाजपाई मंडलम और बूथ स्तर तक सुनते हैं। आज मुख्यमंत्री इंदौर पहुंच चुके हैं और वे प्रधानमंत्री के मन की बात विमानतल पर ही प्रसारण की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री के साथ नगर भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का प्रसारण सुन रहे हैं। कार्यक्रम को लेकर नगर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने पूरी तैयारियां करवाई। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के पोस्टर भी लगवाए और कल सुमित मिश्रा ने विमानतल और दशहरा मैदान का दौरा भी किया और सारी व्यवस्था को चाकचौबंद कराया था। मुख्यमंत्री आज मन की बात के पहले देवी अहिल्याबाई विमानतल टर्मिनल के उद्घाटन समारोह में भी शामिल हुए। इसके बाद मन की बात में शामिल होने के पश्चात् मुख्यमंत्री स्कीम नं. 78 पहुंचेंगे और वहां से दशहरा मैदान में संकल्प से समाधान शिविर में शिरकत करेंगे। दोपहर 2.15 पर मुख्यमंत्री सिहासा आईटी पार्क में इन्क्यूबेशन सेंटर का लोकार्पण एवं दोपहर 3:20 बजे बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होने के बाद सायं 4:10 बजे को गोम्मटगिरि में आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता कर सायं 5:35 बजे भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे। आज सुबह से शाम तक मुख्यमंत्री का आयोजन में टाइट शेड्यूल है और बड़ी सौगातें दशहरा मैदान में दोपहर को देंगे।

## सभी जिनालयों के पदाधिकारियों का होगा साफा पहनाकर सम्मान

### जुलूस मार्ग की मिली स्वीकृति कल जुलूस को लेकर तैयारियां

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। दिगम्बर जैन समाज कल भगवान महावीर का जन्म कल्याणक मना रहा है और सुबह से ही सभी जिनालयों में अभिषेक, पूजन के आयोजन होंगे। वहीं दोपहर 2 बजे से शाहर के मध्य हुकुमचंद मार्ग कांच मंदिर से बड़ी यात्रा निकाली जाएगी। कांच मंदिर पर जुलूस में आने वाले सभी जिनालयों के अध्यक्ष, मंत्री का साफ पहनाकर सम्मान भी किया जाएगा। नकूल पाटोदी, हर्ष जैन ने बताया कि यह यात्रा विनय बाकलीवाल, आनन्द गोधा और मंदिरों के पदाधिकारियों व वरिष्ठ समाजजनों के मार्गदर्शन में स्वर्ण रथ शोभायात्रा निकलेगी। यात्रा में झांकियां भी रहेगी जो मालगंज टोरी कार्नर से जुलूस में शामिल होगी। वीर अलीजा बाबा की 1 अप्रैल को प्रभातफेरी निकलना है उसके चार गेट ऐसे लगे हैं, जो जैन समाज के जुलूस में रथ और झांकियों में अड़ेंगे इस पर भी जैन समाजजनों ने आग्रह कर इन चारों गेट को जुलूस वाले दिन कुछ समय के लिए हटाने का आग्रह किया था जिसे स्वीकार कर लिया है। इधर जुलूस मार्ग पर पुलिस और प्रशासनिक स्वीकृति भी मिल गई है। अच्छी झांकी, अच्छे स्लोगन और अच्छे ड्रेसअप वालों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## *जैन समाजजन पूछ रहे हैं मटन दुकान और वध शालाएं दोनों दिन बंद रहेंगी क्या*

### महावीर स्मारक पर निगम रोशनी लगवाएगा क्या?

इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। इस बार दिगम्बर जैन समाज कल 30 मार्च को और श्वेताम्बर जैन समाज 31 मार्च को भगवान महावीर का जन्मकल्याणक मना रहे हैं। जैन समाज के सोशल मीडिया ग्रुप पर प्रशासन और नगर निगम से पूछा जा रहा है कि इस बार दो दिनों तक जन्मकल्याणक पर क्या कल 30 और 31 मार्च को मटन दुकान और वध शालाएं बंद रहेंगी या नहीं। इधर नेहरू स्टेडियम स्थित महावीर स्मारक पर महावीर जयंती के दिन समाजजन दीपक लगाने शाम को जाते है, और कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते है, बताया जा रहा है कि निगम इस दिन सफाई करवाकर रोशनी करवाती है, समाज की ओर से कोई लेटर नहीं गया इसलिए रोशनी को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई है।

## कांग्रेस नेता गजेन्द्र वर्मा को पितृ शोक



इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व महामंत्री और कमलनाथ समर्थक गजेन्द्र वर्मा के पिता जगदीशचन्द्र वर्मा का कुछ दिनों की बीमारी के बाद निधन हो गया। वे विगत 8 दिनों से क्लॉथ मार्केट अस्पताल में उपचाररत थे। शवयात्रा आज दोपहर 3 बजे बिजासन रोड स्थित सीताश्री रेसीडेंसी से निकलकर पंचकुइया मुक्तिधाम जाएगी।

# 162 अधिकारी 4 अप्रैल को स्कूल में जाकर लेंगे बच्चों की क्लास

## कलेक्टर जाएंगे पहले अहिल्याश्रम तो निगम कमिश्नर स्कूल ऑफ़ एक्सीलेंस में

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए स्कूल चले हम अभियान के अंतर्गत 4 अप्रैल को इंदौर के 162 अधिकारी अलग-अलग स्कूलों में पहुंचेंगे और वहां बच्चों की क्लास लेंगे। इसमें इंदौर के कलेक्टर जहां अहिल्या आश्रम स्कूल में जाएंगे तो वहीं नगर निगम कमिश्नर स्कूल आफ एक्सीलेंस में पहुंचेंगे।

राज्य सरकार के द्वारा हर वर्ष ही स्कूल चले हम अभियान चलाया जाता है। इस अभियान के अंतर्गत एक तरफ जहां नए बच्चों को स्कूल जाने के लिए प्रेरित किया जाता है तो वहीं दूसरी तरफ स्कूल जाने के बाद शिक्षा को छोड़ देने वाले बच्चों को एक बार फिर स्कूल तक पहुंचाने का काम किया जाता है। इस अभियान के अंतर्गत पिछले कुछ वर्षों से अधिकारियों के द्वारा स्कूल में जाकर बच्चों की क्लास लेने की परंपरा शुरू की गई है। यह परंपरा इस वर्ष भी अनवरत कायम रहेगी। इसके अंतर्गत 4 अप्रैल के दिन एक साथ 162 अधिकारी अलग-अलग स्कूल में जाकर बच्चों की क्लास लेंगे।

जिला प्रशासन के द्वारा जारी किए गए शेड्यूल के अनुसार इंदौर के कलेक्टर शिवम वर्मा इस अभियान के तहत अहिल्या आश्रम हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक 2 महाराणा प्रताप नगर पर क्लास लेने के लिए पहुंचेंगे जबकि इंदौर नगर निगम की आयुक्त क्षितिज सिंगल के द्वारा स्कूल आफ एक्सीलेंस बल विनय मंदिर नेहरू पार्क पर जाकर क्लास ली जाएगी। इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालिका अधिकारी डॉक्टर परीक्षित झाडे अहिल्या आश्रम हायर सेकेंडरी स्कूल क्रमांक एक पोलो ग्राउंड पर क्लास लेंगे जबकि इंदौर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन मानव कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोती तबेला पर जाकर क्लास लेंगे। अपर कलेक्टर पावर नवजीवन शारदा कन्या विद्यालय बड़ा गणपति पर जाएंगे तो नगर निगम के अपर आयुक्त आकाश सिंह अत्रि देवी स्कूल सुदामा नगर पर जाएंगे। इसमें जिला प्रशासन, इंदौर नगर निगम, इंदौर विकास प्राधिकरण, लोक निर्माण विभाग, नेशनल हाईवे अथॉरिटी, मध्य प्रदेश गृह निर्माण मंडल, प्रदूषण निवारण मंडल, खाद्य विभाग, जनपद पंचायत के अधिकारियों को लिया गया है।

## गौड़ ने किया व्यासपीठ का पूजन



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। दस्तूर गार्डन में माहेश्वरी संस्कृति द्वारा स्वामी माधवाचार्य महाराज के श्रीमुख से भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है, मुनीष मालानी ने बताया कि विधायक मालिनी गौड़ और पार्षद जीतू राठौर ने कल व्यासपीठ का पूजन किया और आरती में भी शिरकत की।





## एमआईसी सदस्य को श्वान ने काटा

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। शहर में आम लोगों को रोजाना सैकड़ों श्वान के काटने का शिकार होना पड़ता है। अब श्वान के चपेट में एमआईसी सदस्य मनीष मामा भी आ गए, तीन इमली चौराहा पर पैर में श्वान ने काट लिया। श्वान के कीटाणु नहीं फैले इसलिए सबसे पहले लाल अस्पताल पहुंचे और वहां टीका लगवाया।

## मिट्टी के चूल्हों पर 4000 श्रद्धालुओं के लिए बनी महाप्रसादी



इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि

ईरान, इज़राइल और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव के कारण पूरे विश्व में ऊर्जा संकट गहराता जा रहा है। ऐसे समय में तुलसी नगर कॉलोनी के रहवासियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कमी के चलते अनंतेश्वर धाम तुलसी नगर में 4 हजार श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी का आयोजन मिट्टी के चूल्हे पर किया गया। इस आयोजन के लिए गैस सिलेंडर की व्यवस्था करने का प्रयास किया था जो पूर्ण नहीं हो सका था। ऐसे में मंदिर परिसर के एक कोने में जमीन खोदकर देशी मिट्टी के चूल्हों का निर्माण किया गया। कॉलोनी में सूखे पेड़ों से लकड़ी एकत्रित कर जलावन की व्यवस्था की गई।

## दलित समाज के चार युवाओं पर प्रकरण की मुख्यमंत्री को शिकायत

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष और दलित नेता मनोज परमार ने बताया कि दलित समाज से जुड़े यश वघिले, प्रथम करोसिया, तुषार चौहान, ऋतिक सांकले जो चारों मजदूरी करते हैं उन्हें दो दिन पहले रात को द्वारकापुरी थाना के पुलिसकर्मियों द्वारा विदुर नगर चौराहा पर रोककर तलाशी के बहाने गालियां दी गई, जिसका युवकों ने विरोध किया, तो युवकों को पीछे ले जाकर पीटा गया। इसका भी युवकों ने विरोध किया परमार ने कहा कि विरोध का परिणाम यह हुआ कि इन चारों मजदूर दलित युवकों को थाना लाकर बंद किया गया और छोड़ने के लिए पैसे मांगे गए। चारों पैसे से कमजोर थे इसलिए पैसा नहीं दे पाए। इसलिए पुलिस ने तीन युवकों पर 151 और एक किशोर पर 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण बना दिया और इन चारों पर आपराधिक जीवन पुलिस ने शुरू कर दिया। पूरे मामले की शिकायत बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार से की गई। आज मुख्यमंत्री के आगमन पर पूरी जानकारी डॉ. मोहन यादव को दी जा रही है।

## तिलक नगर एक्सटेंशन के नागरिक बोले हमारी कॉलोनी को भागीरथपुरा बनने से बचा लो

**इंदौर (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। तिलक नगर एक्सटेंशन में रहने वाले नागरिकों ने इंदौर नगर निगम के जोनल कार्यालय पर जाकर यह गुहार लगाई है कि हमारी कॉलोनी को दूसरा भागीरथपुरा बनने से बचा लो।**

इस कॉलोनी में रहने वाले नागरिक कल नगर निगम के जोनल कार्यालय क्रमांक 19 पर अपनी शिकायत दर्ज कराने के लिए पहुंचे थे। वहां पर जब वे लोग गए तो क्षेत्र के जोनल अधिकारी से तो उनकी मुलाकात नहीं हो सकी लेकिन कार्यालय पर मौजूद अन्य अधिकारियों को उन्होंने अपनी पीड़ा बताई। उनका कहना था कि उनकी कालोनी की सारी ड्रेनेज लाइन चौक हो गई है। जिसके कारण ड्रेनेज का पानी सड़क पर बह रहा है। इसके साथ ही यह अपनी जमीन के अंदर जाकर बोरिंग में भी मिल रहा है। ऐसी स्थिति एक साल पहले भी बनी थी तब नगर निगम के माध्यम से ड्रेनेज लाइन की सफाई का कार्य कराया गया था। इसके बाद से एक साल तक स्थिति अच्छी रही। अब एक बार फिर पुरानी समस्या ही सामने आ रही है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि ड्रेनेज लाइन की सफाई पारित रूप से कराई जाना आवश्यक है। यदि इस सफाई को जल्दी करने में रुचि नहीं ली जाती है तो दिनेश का यह अपनी जमीन के अंदर जाकर बोरिंग के पानी को दूषित कर देगा। ऐसे में इस कॉलोनी में भी वही स्थिति बन जाएगी जो भागीरथपुरा में बनी थी।

# प्राधिकरण का बजट कल

## धार रोड पर मिलेगी फ्लाईओवर ब्रिज की सौगात

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

**इंदौर विकास प्राधिकरण का अगले वित्त वर्ष का बजट कल प्रस्तुत किया जाएगा। इस बजट में सबसे बड़ी सौगात धार रोड पर चंदन नगर के पास से फ्लाईओवर ब्रिज की दी जाएगी।**

प्राधिकरण में इस समय सरकारी संचालक मंडल मौजूद है। इस सरकारी संचालक मंडल में प्राधिकरण के अध्यक्ष पद पर संभाग आयुक्त सुदाम खाड़े काम संभाल रहे हैं। जबकि प्राधिकरण में मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाडे हैं। प्राधिकरण के द्वारा वर्ष 2026 27 का बजट कल सोमवार को आयोजित प्राधिकरण के संचालक मंडल की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इस बैठक में सबसे बड़ा आकर्षण चंदन नगर चौराहे के पास से जिला अस्पताल की ओर 48 करोड रुपए का फ्लाईओवर ब्रिज बनाने का प्रस्ताव रहेगा। वैसे तो यह फ्लाईओवर ब्रिज नगर निगम की ओर से बनाया जाएगा। इस ब्रिज के निर्माण का खर्चा नगर निगम के द्वारा उठाया जाएगा। प्राधिकरण के द्वारा डिपॉजिट वर्क के रूप में इस कार्य को अंजाम दिया जाएगा।

इसके साथ ही प्राधिकरण के द्वारा इस बजट में शहर के पूर्वी क्षेत्र में मेजर रोड नंबर 11 और मेजर रोड नंबर 12 के निर्माण को भी प्राथमिकता दी जाएगी। यह दोनों सड़क इंदौर के मास्टर प्लान में प्रावधान की हुई है। इन सड़कों का निर्माण करने के लिए प्राधिकरण ने पिछले वर्ष ही काम शुरू कर दिया था। अभी तक यह काम पूरा नहीं हुआ है। ऐसे में इस बार के बजट में इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए राशि का आवंटन किया जाएगा। इसमें से मेजर रोड नंबर 12 में एक झुग्गी बस्ती बाधक बनी हुई है। जिसे हटाया जाना आवश्यक है। इसे हटाए बगैर इस सड़क का निर्माण नहीं किया जा सकता है। इस बस्ती में 1000 से ज्यादा मकान है। इन्हें हटाने के लिए उनके व्यवस्थापन हेतु प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत फ्लैट का निर्माण किया जाना जरूरी है। यह फ्लैट जब बन जाएंगे और इन लोगों को आवंटित कर दिए जाएंगे तभी इस झुग्गी बस्ती को हटाया जा सकेगा।

### बड़ा गणपति व मरी माता चौराहा पर भी फ्लाईओवर ब्रिज

वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए इन दोनों सड़कों का निर्माण आवश्यक माना जा रहा है। इसके साथ ही बड़ा गणपति चौराहा और मरी माता चौराहा पर प्राधिकरण के द्वारा पहले से ही फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण प्रस्तावित किया जा चुका है। इन दोनों ब्रिज का काम भी इस वित्तीय वर्ष में शुरू करने की अपेक्षा रखी जा रही है।

### राजीव गांधी चौराहा पर भी ब्रिज निर्माण का दबाव

इसके साथ ही राजीव गांधी चौराहा के पास में फ्लाईओवर ब्रिज बनाने के लिए प्राधिकरण के ऊपर क्षेत्र के विधायक मधु वर्मा के द्वारा दबाव बनाया जा रहा है। इसमें हकीकत यह है कि इस स्थान के पास में ही मेजर रोड नंबर 3 भी है। यह भी मास्टर प्लान की सड़क है और इसका निर्माण इंदौर नगर निगम के द्वारा किया जाना प्रस्तावित है। इस सड़क का निर्माण होने के बाद इस चौराहे पर यातायात की स्थिति और ज्यादा खराब हो जाएगी। ऐसे में इस चौराहे पर भी फ्लाईओवर ब्रिज का निर्माण करने के लिए दबाव बनाया गया है। अंतिम चरणों में इस ब्रिज को प्राधिकरण के द्वारा अपने बजट में स्थान दिया जा सकता है।


मध्यप्रदेश शासन
स्वच्छ इन्दौर, स्वस्थ इन्दौर
"दोगुना जल - मजबूत कल"
अमृत 2.0 योजना अंतर्गत राशि रुपये 1356 करोड़ के
माँ नर्मदा जल के चतुर्थ चरण का
अमृत 2.0
Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation
भूमिपूजन
मान. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा
दिनांक : 29 मार्च 2026, रविवार
समय : 11 बजे | दशहरा मैदान, इंदौर
पैकेज : 1
1650 एम.एल.डी. इंटेक 400 एम.एल.डी. ट्रीटमेंट प्लांट, पंपिंग स्टेशन, आधुनिक जल इंफ्रास्ट्रक्चर
पैकेज : 2
39 किमी ग्रेविटी पाइपलाइन, 2870 मीटर लंबी टनल एवं क्लोरीनेशन प्लांट
पैकेज : 3
20 नए ओवरहेड टैंक, 29 पुराने टैंकों का उन्नयन 685 किमी पाइपलाइन और 1.26 लाख नवीन कनेक्शन
पैकेज : 4
20 नए ओवरहेड टैंक, 46 पुराने टैंकों का उन्नयन 892 किमी पाइपलाइन और 1.21 लाख नवीन कनेक्शन
पुष्यमित्र भार्गव, महापौर, इंदौर

# अग्रवाल फाउंडेशन ने 20 चिकित्सकों से कराई 452 लोगों की जांच

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति, बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं हेल्थ फॉर भारत फाउंडेशन के सहयोग से नीना देवी अग्रवाल की स्मृति में कल स्कीम 140, आंचल नगर में केन्द्रीय समिति के कार्यालय भवन पर चौथे स्वास्थ्य परीक्षण एवं जांच शिविर में 20 चिकित्सकों ने पहले दिन 452 समाज बंधुओं ने अपनी जांचे कराई। खासतौर से मधुमेह व मोटापे की जांच की गई। यह स्वास्थ्य परीक्षण आज भी जारी रहा। किशोर गोयल,अरविन्द बागड़ी, राजेश बंसल,शीतल तोडीवाला, दीप्ति अग्रवाल, विनिता अर्पित बंसल, रेखा-गिरीश तोडीवाला, लता गर्ग, डॉ. तरु गुप्ता, भावना गोयल,हितेश अग्रवाल, अमित ब्रजमोहन अग्रवाल, सुशील बैरीवाल, पंकज अग्रवाल सहित अन्य इस आयोजन से जुडे हुए है।





## प्रशिक्षण और सम्मान का आयोजन

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

वाय मी योगा मैडिटेशन एनर्जी संस्था द्वारा आयोजित प्रशिक्षण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कालिकानन्दजी महाराज, महन्त त्यागी बाबा, महन्त विजय शास्त्री ने उदबोधन भी दिया। एम.के. जैन, डॉ नम्रता कमलेश मालपानी, सरला जितेन्द्र गुप्ता, संजय शर्मा मौजूद थे। आज देशभर से आए विद्वानों को सम्मानित भी किया जाएगा।





## बाल विवाह रोकथाम करने वाले प्रभारी और सदस्य हुए सम्मानित

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। बाल विवाह रोकथाम, जन-जागरूकता एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए बाल विवाह विरोधी उड़नदस्ता प्रभारी महेंद्र पाठक एवं सदस्य संगीता सिंह को पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने गोपाल मंदिर सभागृह में आयोजित पुलिस एवं महिला सुरक्षा कार्यशाला में सम्मानित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर अमित सिंह एवं एडी.डीसीपी महिला अपराध एवं साइबर सुरक्षा संध्या राय भी उपस्थित थे।

## म्यूजिकल ग्रुप की आज शाम से प्रस्तुति

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। झनकार म्यूजिकल ग्रुप के डॉ. कैलाश गहलोत ने बताया कि आज शाम 6.30 बजे से रात 10 बजे तक सदाबाहर एकल और सिंगल गीतों की प्रस्तुति प्रीतमलाल दुआ सभागृह में दी जाएगी। आयोजन से राजेश गोधा परवाज, अनूपकुमार गहलोत भी जुड़े हुए हैं।

## शीतल प्याऊ का शुभारम्भ

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। खंडेलवाल वैश्य समाजजनों ने श्री सुंदरदास पारमार्थिक ट्रस्ट की मेजबानी में सुन्दरदास महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। हनुमान चालीसा का पाठ भी हुआ। स्मारक स्थल पर पांच बड़े मटकों में शीतल जल की 'श्री सुंदरम प्याऊ' का शुभारंभ भी किया गया। राजेश डंगायच, दिनेश कूलवाल, राजेंद्र कूलवाल, सुनील खंडेलवाल, निर्भय खंडेलवाल, कैलाशचन्द्र खंडेलवाल, कन्हैयालाल दादूपंथी,मनोज खंडेलवाल ने अपनी भूमिका निभाई।



## रोजिया महापीठ में प्रदेश उपाध्यक्ष बने

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। गुरु रविदास विश्व महापीठ, के राष्ट्रीय अध्यक्ष राविदासाचार्य सुरेश राठौर एवं प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश मोहने की सहमति से विजय रोजिया को महापीठ का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।प्रकाश जाटव, प्रकाश शेरोके, भगवत मंडलोई ने इस नियुक्ति पर स्वागत किया।

## शास्त्री को बनाया पदाधिकारी

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।



अखिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं उत्तराधिकारी संगठन के सम्भाग अध्यक्ष के पद पर राकेश देवदत्त शास्त्री की नियुक्ति नित्यानंदजी शर्मा, अशोक यशवंत सिन्धु द्वारा की गई है। चिंटू चौकसे, शरद दुबे, प्रकाश व्यास,राजकुमार आर्य, शैलेन्द्र पाराशर, मनोहरसिंह तोमर, दिनेश रामप्रसाद दुबे, उमेश पारेख, बसंतीलाल पांडे, ओमप्रकाश वर्मा, पुष्पा जोशी, महेश साबू, राजेंद्र गंगवाल, आशा खादीवाला,सतीश रंगनाथ कर्णिक, राधेश्याम गुप्ता, अर्चना जायसवाल, किशोर राय, राजकुमार शर्मा, संजय शर्मा, अजय टांक, अनिरुद्ध शर्मा, सरिता आशीष तिवारी, सीता देवदत्त शास्त्री, टीना राकेश शास्त्री, हेमन्त देवदत्त शास्त्री, गोविन्द राठौर, द्वारका राठौर, हेमन्त जैन, अंकित झांझोट ने बधाई दी।





## अवध लोक में प्रतिमाओं का विसर्जन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। दशहरा मैदान स्थित अवध लोक पर 'सबके राम' महोत्सव का आयोजन 19 मार्च से शुक्रवार 27 मार्च तक किया गया। इन दिनों में श्रद्धालुओं ने वृंदावन के प्रेम मंदिर की प्रतिकृति में विराजित राम दरबार के दर्शन पूजन का लाभ लिया। भगवान श्रीराम की आरती भी की गई। संघ, बजरंग दल, विहिप एवं विद्यार्थी परिषद से जुड़े अनेक विशिष्टजन शामिल हुए। वहीं कल शनिवार को अभिजीत मुहूर्त में अवध लोक में ही सभी प्रतिमाओं का विद्वान आचार्यों के निर्देशन में विधि विधान के साथ पार्थिव पूजन कर नम आँखों से विर्सजन किया गया। आयोजन से महेन्द्रसिंह चौहान, प्रवीणा पंकज अग्निहोत्री जुडे रहे। कई राजनेता भी पहुंचे।




## विद्यार्थियों ने देखे सराफ के बनाए 19 उपकरण

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। भौतिक शास्त्री प्रो. बाबूलाल सराफ के फिजिक्स के 19 उपकरण को आईपीएस अकादमी के विद्यार्थियों ने लैब में देखा। भौतिक वर्कशाप का आयोजन किया जिसमें तमिलनाडु, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों से आए लगभग 35 प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## मातृशक्तियों ने संभाली कलश यात्रा की कमान

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।

कल 28 मार्च से 3 अप्रैल तक अन्नपूर्णा मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन शुरू हुआ। इससे पूर्व कल चाणक्यपुरी चौराहा हनुमान मंदिर से अन्नपूर्णा मंदिर परिसर स्थित कथा स्थल तक कलश यात्रा निकाली गई। श्री शक्ति महिला संघ से जुडी मातृशक्तियों ने कलश यात्रा की कमान सम्भाली। परशुराम महासभा के संजय मिश्रा, डिम्पल राम शर्मा, पायल शर्मा, कुमकुम शर्मा, पुष्पा पाण्डे, प्रतीक्षा दुबे, शकुंतला ओझा, गीता पँवार, रीना शर्मा, रीना तिवारी शिवानी, रंजना एकतारे, पुनीता शर्मा, भारती शर्मा, विभूति व्यास, पूर्णिमा शर्मा, रजनी गुप्ता, नेहा शर्मा, निर्मला बेस मातृशक्तियाँ उपस्थित थी।





## 'लिटिल चैंपियंस मीट' का आयोजन

इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। बच्चों की हिम्मत, जज्बे और मुस्कान को समर्पित 'लिटिल चैंपियंस मीट' का आयोजन हॉस्पिटल, द्वारा किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में लगभग 20 बच्चों और उनके परिवारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य उन नन्हे योद्धाओं का सम्मान करना था, जिन्होंने कम उम्र में ही स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करते हुए अद्भुत साहस और दृढ़ता का परिचय दिया है। एनआईसीयू से बाहर आए हुए ये बच्चे स्वस्थ जीवनयापन कर रहे हैं। हॉस्पिटल के ऑडिटोरियम में आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों और उनके परिजनों के साथ एक भावनात्मक और प्रेरणादायक संवाद स्थापित किया गया। बच्चों के लिए मनोरंजन और सरप्राइज कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। डॉ. मनीष जैन, डॉ. सौरभ पिपरसानिया, डॉ. पुष्पवर्धन मंडलेचा ने उदबोधन दिया।

## चिकित्सकों ने टॉक शो में दी स्वास्थ्य और फिटनेस की जानकारी



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सुपरचार्ज द्वारा नेहरू स्टेडियम में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर विशेषज्ञ चिकित्सकों के साथ टॉक शो आयोजित किया गया। डॉ. भारत रावत, डॉ. रचना मालवीय, डॉ. नितिन शर्मा ने इस टॉक शो में स्वास्थ्य और फिटनेस को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी दी। डाइट, वार्मअप, फिटनेस रूटिन के बारे में बताया। व्यायाम को लेकर और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए कैसे कार्य करें उसकी जानकारी भी दी। आज सुबह सुपरचार्ज ने नेहरू स्टेडियम से मेराथन का आयोजन भी किया गया।




## ध्वज पूजन से शुरू हुआ वीर अलीजा का उत्सव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** पंचकुइया रोड स्थित वीर अलीजा हनुमान मंदिर पर आज से पांच दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव की शुरूआत हुई। पवनानंद महाराज ने बताया कि सुबह ध्वज पूजन किया गया। अलीजा का राम नाम की ध्वजा लिए विशेष श्रृंगार भी किया गया। कल सुबह 71 प्रकार के द्रव्यों व रसों से हनुमानजी का अभिषेक होगा।



## रामभक्त हनुमान मंदिर पर रुद्राभिषेक

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** शहर के मध्य सुभाष चौक-राजवाड़ा स्थित राम भक्त हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती के आयोजन की आज से शुरूआत हो गई। भगवान का रुद्राभिषेक की शुरूआत की गई। आज से रोजाना हनुमान जयंती तक धार्मिक आयोजन होंगे। वहीं 1 अप्रैल को बड़ी प्रभातफेरी शहर के मध्य निकाली जाना है उसकी भी तैयारी जीतू गुरु के मार्गदर्शन में चल रही है।

## मोदी अध्यक्ष, छल्लाणी एवं मेहता सचिव

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** वर्धमान जैन युवा मंच जानकी नगर की साधारण सभा में निर्वाचन किया गया। अध्यक्ष नीतेश मोदी, सचिव प्रदीप छल्लाणी, परेश मेहता, प्रचार मंत्री नवीन जैन को बनाया गया। अंकुश रामपुरिया, कांतिलाल मेहता, शिखरचंद बाफना, गजराज बेताला, अरिहंत छल्लाणी, अश्विन लुणावत मौजूद थे। महावीर जयंती मनाने के साथ वाहन रैली निकालने का निर्णय लिया गया।





## आज भी सम्मेलन में मौजूद हैं अग्र बंधु

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री अग्रवाल महासभा द्वारा गांधी हाल में कल से तीन दिवसीय परिचय सम्मेलन की शुरुआत हुई थी। आज भी यह सम्मेलन जारी है। समाज की 170 युवतियों ने मंच से अपना परिचय दिया। मृदुल अग्रवाल, एलएन बंसल, सत्यनारायण गर्ग अतिथि थे। परिचय पुस्तिका का लोकार्पण भी किया गया।

## महावीर जिनालय पर नृत्य नाटिका

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

भगवान महावीर जन्म जयंती अवसर पर महावीर जिनालय राजमोहल्ला में नृत्य नाटिका, बधाई गीत, भगवान की माता के सोलह स्वप्न, जन्म बधाई गीत, भगवान महावीर के गुणगान सहित अन्य आयोजन किए गए। नीलेश सेठी, राजा सुरेश सेठी, मनीषा सेठी, प्रियांशी सेठी, राजा सेठी, सिद्धार्थ सेठी, साधना सेठी सहित अन्य मौजूद थे।



## जैन इंजीनियर सोसायटी की सभा





**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** जैन इंजीनियर्स सोसायटी फाउंडेशन बोर्ड की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की वार्षिक साधारण सभा होटल में आयोजित की गई। नए अध्यक्ष के लिए ट्रस्टी महेन्द्र पहाड़िया, उपाध्यक्ष पीसी छाबड़ा, शरद सेठी, अतुल जैन, महासचिव निकेतन सेठी, संयुक्त सचिव सुनील संघवी, कोषाध्यक्ष देवेन्द्रकुमार जैन बनाए गए। अध्यक्ष, महासचिव और संयुक्त सचिव तीनों इंदौर के हैं। राजेन्द्रसिंह जैन, महेन्द्र पहाड़िया, अतुल जैन, शरद सेठी ने अपनी भूमिका निभाई।

## सुमतिनाथ भगवान का जन्म कल्याणक





**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्री 1008 श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन जिनालय सैटेलाईट जंक्शन पर भगवान सुमतिनाथ के जन्म कल्याणक, मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। महेन्द्र जैन ने बताया कि अभिषेक, शांतिधारा और सामूहिक पूजन, निर्वाण कांड को भी पढ़ा गया, निर्वाण लाडू भी चढ़ाए गए। शाम को 48 दीपों से आरती, अनुष्ठान और भजन का आयोजन किया गया।

## महावीर प्रसादी वितरण आयोजन

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** श्वेतांबर जैन महासंघ न्यास के सचिव सुधीर सेठिया ने बताया कि न्यास के तत्वावधान में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव के अन्तर्गत जानकीनगर जैन भवन नौलखा पर भगवान महावीर प्रसादी वितरण का कार्य किया गया। सुधीर सेठिया, मनीष सुराणा सहित अन्य मौजूद थे। द्वारकापुरी, फूटी कोठी, कालानी नगर पानी की टंकी, साई मंदिर यशवंत निवास रोड एवं राजवाड़ा महावीर भवन इमली बाजार पर यह वितरण का कार्य किया गया।



## दीक्षा लेने वाली विनुषी भंडारी का होगा अभिनंदन

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

साधुमार्गी जैन समता संघ की मेजबानी में 3-4 अप्रैल को दीक्षा लेने वाली विनुषी भंडारी का अभिनंदन किया जाएगा। विनुषी सम्पन्न जैन परिवार की बेटी है और वे कम्पनी सेक्रेटरी की डिग्री लेकर म्यूच्यूअल फंड मैनेजर का काम कर रही है। विनुषी भंडारी पिछले 8 वर्षो में अनेक जैन ग्रंथों का अध्ययन भी कर रही है, उनकी दीक्षा 23 अप्रैल को होगी उसके पहले 3 एवं 4 अप्रैल को कार्यक्रम आयोजित होंगे, उनका सम्मान भी होगा। 3 अप्रैल को संतों की मौजूदगी में सुबह 9 बजे से समता भवन यशवंत निवास रोड पर धार्मिक आयोजन होंगे, समता प्रसादी भी होगी। शाम 7.30 बजे रवीन्द्र नाट्यगृह में गुरु भक्ति एवं भजन संध्या के आयोजन होंगे। साधुमार्गी जैन समता संघ के अध्यक्ष पारस बोहरा एवं महामंत्री पिंकेश पगारिया ने बताया कि शनिवार 4 अप्रैल को सुबह 7 बजे जावरा कम्पाउंड स्थित लायंस क्लब के सभागृह में नवकारसी के पश्चात प्रातः 8.15 बजे उनके 142 जावरा कम्पाउंड स्थित निवास से बैंड बाजों सहित वरघोड़ा निकलेगा जिसमें वे एक खुली बग्घी में विराजित होकर अपने संसारी जीवन में काम आने वाली गृहस्थी की सामग्री को लुटाते हुए चलेंगी। यह वरघोडा सुबह 10 बजे रवीन्द्र नाट्य गृह पहुंचेगा जहां शहर के श्रीसंघों एवं विभिन्न संगठनों की ओर से उनका अभिनन्दन किया जाएगा।



## मंत्राक्ष ध्यान शिविर में युवाओं की भी जिज्ञासा

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि।**

मुनिश्री 108 आदित्य सागर महाराज के सानिध्य में आयोजित इस शिविर में कल दूसरे दिन भी बडी संख्या में जैन समाजजन और श्रद्धालु पहुंचे। मानसिक और शारीरिक विकास के बीज मंत्र भी मुनि ने दिए। इस शिविर में युवाओं की भी जिज्ञासा नजर आई। आज शिविर का समापन किया जा रहा है। आज शिविर के अंतिम दिन विशेष सत्रों का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें मंत्र दीक्षा और पूर्णाहुति की मुख्य क्रियाएं संपन्न हो रही है।



# जोनल कार्यालय के पास वाले बड़े बगीचे में योगा शेड का निर्माण

## सौंदर्यकरण कार्यों के तहत लाखों खर्चकर रहवासियों के लिए निगम जुटा रहा सुविधा

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। स्कीम 140 निगम के जोनल कार्यालय के पास बड़े बगीचे में क्षेत्रीय रहवासियों की मांग और सुविधा के लिए निगम द्वारा यहां एक भव्य योगा शेड का निर्माण किया जा रहा है। जिसका काम लगातार तेजी के साथ हो रहा है, यही नहीं अब यह वाटर प्रूफ योग शेड लगभग बनकर तैयार भी हो गया है। यही नहीं सौंदर्यकरण योजना के तहत निगम द्वारा इस बड़े बगीचे में आकर्षक पेवर ब्लॉक लगाकर तैयार किए जा रहे वाटर प्रूफ शेड के सामने के हिस्से को भी संवारा जा रहा है। ताकि बारिश में भी शेड के नीचे लोग आराम से बिना परेशानी के सेहत बनाने के लिए योगा कर सके।

**वाकिंग ट्रेक की सुविधा के साथ 80 से 100 लोगों की बैठक व्यवस्था-** यही नहीं इसके अलावा यहां आस-पास के रहवासियों के सुबह-शाम घूमने के लिए इस बड़े बगीचे में लंबा-



चौड़ा वाकिंग ट्रेक और पाथवे भी बनाया जा रहा है ताकि लोग आराम से यहां योगा शेड में योग करने के साथ सेहत बनाने के साथ सुबह और शाम एक्यूप्रेशर टाइल्स वाले पाथवे पर आराम से घूम भी सकेंगे। जिसको लेकर क्षेत्रीय पार्षद राजीव जैन के प्रयासों से निगम द्वारा इस बड़े बगीचे में सौंदर्य करण की योजना बनाकर लाखों रुपए खर्चकर योगा शेड के निर्माण के साथ बगीचे में अन्य आवश्यक सौन्दर्यकरण के अन्य कार्य भी किए जा रहे है। साथ ही आसपास के रहवासी परिवारों के लिए सुविधाएं जुटाई जा रही है। वहीं इस भव्य शेड में मार्निंग वाकर और क्षेत्र के वरिष्ठजन योगा करने के साथ यहां सामाजिक धार्मिक मीटिंग और राष्ट्रीय त्यौहारों पर छोटे-मोटे आयोजन भी आराम से कर सकेंगे। जिसके लिए यहां 80 से 100 लोगों के बैठने के लिए पर्याप्त बैठक व्यवस्था के लिए जगह भी उपलब्ध हो गई। जहां बारिश के दिनों में भी किसी प्रकार की परेशानी नहीं आएगी। इसके अलावा गर्मी में भी क्षेत्र के रहवासियों को शेड के नीचे योग कर सेहत बनाने में दिक्कत नहीं आएगी।

### लक्ष्मीबाई नगर स्टेशन से श्रीगंगानगर के लिए

# अगले माह 3 अप्रैल से स्पेशल ट्रेन चलाएगा रेलवे



इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। पश्चिम रेलवे द्वारा आने वाले दिनों में गर्मी की छुट्टियों में यात्रियों की संख्या बढ़ने पर भीड़ को नियंत्रित करने और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए, यात्रियों के लिए विशेष रूप से ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान बढ़ती यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए विशेष किराये पर विशेष ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) स्टेशन से राजस्थान के श्रीगंगानगर के लिए साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं रेलवे द्वारा इस स्पेशल ट्रेन के परिचालन को लेकर खास तौर से विशेष तैयारी की जा रही है। जिसके तहत पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार अगले माह 3 अप्रैल से ट्रेन संख्या 04736-04735 लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) से श्रीगंगानगर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 04736 प्रत्येक शुक्रवार को 03 अप्रैल से 10 जुलाई तक चलेंगी।

यह ट्रेन लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) से 13:55 बजे प्रस्थान कर रतलाम मंडल के फतेहाबाद (14:15/14:17), रतलाम (15:40/15:50), मंदसौर (16:56/16:58), नीमच (17.56/17.58) एवं चितौड़गढ़ (19.25/19.30), होते हुए शनिवार को 12:20 बजे श्रीगंगानगर पहुंचेगी।

इधर, गंगानगर से गुरुवार 2 अप्रैल से 9 जुलाई तक सप्ताह में एक दिन इंदौर के लिए चलेंगी ट्रेन। इसी प्रकार ट्रेन संख्या 04735 प्रत्येक गुरुवार 02 अप्रैल 2026 से 09 जुलाई 2026 तक श्रीगंगानगर से 12:50 बजे प्रस्थान कर रतलाम मंडल के चित्तौड़गढ़ 04.20/04.25), नीमच (05.28/05.30), मंदसौर (06:14/06:16), रतलाम (07:55/08:05), एवं फतेहाबाद (09:22/09:24) होते हुए शुक्रवार को 09:55 बजे लक्ष्मीबाई नगर (इंदौर) आयेगी। बड़ी बात यह है कि ट्रेन दोनों दिशाओं में फतेहाबाद, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, सीकर, लछमन गढ़ सीकर, फतेहपुर शेखावती, चूरू, सादुलपुर, तहसील भद्रा, नोहर, एलेनबाद, हनुमानगढ़, एवं सादुलशहर स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2-टियर, एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास एवं जनरल सेकंड क्लास के कोच होंगे। ट्रेन संख्या 04736 की बुकिंग भी सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू हो गई है। इसके अलावा ट्रेनों के ठहराव, संरचना एवं समय की विस्तृत जानकारी के लिए यात्री रेल वन एप से भी जानकारी ले सकते है।

# भोजशाला में न्यायाधीशों का अवलोकन हाईकोर्ट की डबल बेंच ने किया दौरा

धार (सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि)। धार की ऐतिहासिक भोजशाला परिसर में शनिवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ के न्यायाधीशों ने एक महत्वपूर्ण स्थलीय निरीक्षण किया,न्यायमूर्ति विजय कुमार शुक्ला और न्यायमूर्ति आलोक अवस्थी दोपहर करीब 1:50 बजे परिसर पहुंचे और लगभग 53 मिनट (दोपहर 2:45 बजे तक) वहां रुककर सूक्ष्म अवलोकन किया,न्यायाधीशों के साथ धार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक मयंक अवस्थी और एएसआई के अधिकारी मौजूद रहे, 2 अप्रैल को होने वाली अंतिम सुनवाई से पहले परिसर की ग्राउंड रियलिटी और संरचना (स्तंभों, शिलालेखों और वास्तुकला) को व्यक्तिगत रूप से समझना, निरीक्षण के दौरान परिसर के बाहर कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए थे और बैरिकेडिंग लगाकर आम लोगों व पक्षकारों का प्रवेश वर्जित रखा गया था। न्यायाधीशों का यह दौरा पूरी तरह गोपनीय रखा



गया। न तो हिंदू पक्ष और न ही मुस्लिम पक्ष के याचिकाकर्ताओं को मौके पर आने दिया गया, वहीं मीडिया को भी परिसर में प्रवेश नहीं मिला। इस दौरान एएसआइ भोपाल सर्कल के अधिकारियों ने न्यायाधीशों को तकनीकी और ऐतिहासिक जानकारी दी। साथ ही परिसर की सुरक्षा व्यवस्था और मौजूदा स्थिति से भी अवगत कराया गया, गौरतलब है कि भोजशाला के धार्मिक स्वरूप को लेकर वर्ष 2022 में याचिका दायर की गई थी, जिसमें इसे हिंदू मंदिर बताते हुए अन्य धार्मिक गतिविधियों को अवैधानिक बताया गया है। कोर्ट के निर्देश पर भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा लगभग 98 दिनों तक वैज्ञानिक सर्वे किया गया था। इसकी रिपोर्ट पर पहले सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई थी, लेकिन हालिया निर्देशों के बाद हाईकोर्ट इस पर तेजी से सुनवाई कर रहा है..

**मुस्लिम पक्ष ने लगाई सुप्रीम कोर्ट में याचिका**

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धार मुस्लिम पक्ष के द्वारा एक याचिका सुप्रीम कोर्ट में लगाई गई है, जिस पर 1अप्रैल को सुनवाई की तारीख तय की गई है।

# परीक्षा में कुलपति करेंगे टीम सहित आकस्मिक निरीक्षण

**छात्रों की नकल के साथ कॉलेजों की अव्यवस्था और सीसीटीवी भी देखेंगे**

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी की 1 अप्रैल से शुरू होने जा रही पीजी अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाओं में बड़ी सख्ती देखने को मिलेगी। एक अप्रैल से परीक्षा में कुलपति अपनी टीम के साथ आकस्मिक निरीक्षण करेंगे। वे छात्रों की नकल के साथ कॉलेजों की अव्यवस्था और सीसीटीवी हैं या नहीं यह भी देखेंगे। पूरी एग्जाम के दौरान वे अलग अलग सेंटरों पर जाएंगे। कहीं तो दो बार भी चले जाएंगे।

इससे पहले यूजी थर्ड और फोर्थ की एग्जाम के दौरान वे बड़ी कार्रवाई कर चुके है। उसके तहत डीएवीवी 3 कॉलेजों को परीक्षा सेंटर बनाने की सूची से बाहर करेगी। इन कॉलेजों को ब्लैक लिस्ट किया गया है। यूनिवर्सिटी ने यूजी थर्ड और फोर्थ ईयर की परीक्षा के दौरान सामने आई लापरवाहियों व सुविधाओं की कमी के चलते यह निर्णय लिया। कुलपति फ्लाइंग स्क्वायड ने कई कॉलेजों में निरीक्षण किया था। इस दौरान तीन कॉलेजों में कैमरे नहीं मिले। साथ ही पानी, बेहतर क्लास रूम, पंखे, वॉटर कूलर जैसी बेसिक सुविधाओं में कमी पाई गई थी। कुलपति प्रो. राकेश सिंघई भी इस निरीक्षण में शामिल थे। उन्होंने जब निरीक्षण किया तो यह सारी खामियां पाई गईं। सेंटरों को सुविधाएं जुटाने के लिए तय समय सीमा दी गई थी। सभी कॉलेजों के लिए सेंटर बनना अनिवार्य को चुका है। डीएवीवी ने 2026 से सभी कॉलेजों के लिए एग्जाम सेंटर बनना अनिवार्य किया है। इसके साथ ही पिछले साल कुलाधिपति द्वारा गई गाइडलाइन के आधार पर कॉलेजों को सुविधाएं जुटाने के लिए भी कहा गया है वैसे भी डीएवीवी ने 6 साल बाद किसी परीक्षा में नकल रोकने के लिए वीसी (वाइस चांसलर) फ्लाइंग स्क्वायड बनाई थी।

**यह होना जरूरी**

- *गेट पर सुरक्षा गार्ड तैनात होना अनिवार्य।*
- *व्यवस्थित टेबल-कुर्सियां, पंखे, पर्याप्त लाइट व वॉटर कूलर जैसी बेसिक सुविधाएं जरूरी।*
- *छात्रों के लिए व्यवस्थित पार्किंग हो।*
- *हर परीक्षा हॉल, पेपर ओपन करने वाले कक्ष में कैमरे अनिवार्य होने चाहिए*
- *आब्जर्वर के बैठने के लिए अलग से व्यवस्था।*

# मनोरमागंज से गीताभवन रोड पर शेख हातिम गार्डन तक नई सड़क की सौगात मिलेगी

इंदौर (सिटी ब्लास्ट)। पॉश कालोनी एरिया मनोरमागंज क्षेत्र में पंचरत्न अपार्टमेंट से लेकर गीता भवन रोड पर शेख हातिम गार्डन तक आने वाले दिनों में बारिश से पहले क्षेत्र के रहवासियों को नई सड़क की सौगात मिलने वाली है। जिसको लेकर निगम की ओर से तैयारी भी शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क की जगह अब क्षेत्र के रहवासियों को आने वाले दिनों में नई सीमेंटेड सड़क की सौगात मिलने वाली है जिसको लेकर क्षेत्रीय रहवासियों की मांग पर पार्षद द्वारा निगम से फाइल मंजूरी के बाद अब यहां काम शुरू करने को लेकर भी तैयारी शुरू कर दी है।



ड्रेनेज और नर्मदा लाइन डालने के लिए खुदी सड़क की बजाय अब शुरू होगा नई सड़क का निर्माण

पॉश एरिया गीताभवन क्षेत्र के रहवासियों के लिए बड़ी बात यह है लम्बे समय से ड्रेनेज और स्टांप वाटर लाइन सहित नर्मदा लाइन डालने के लिए जगह-जगह से खुदी सड़क से होने वाली परेशानी से लोगों को बड़ी राहत मिलने वाली है। रहवासियों की मांग पर निगम द्वारा यहां के लिए आने वाले दिनों में लगभग 23 लाख रुपए के आसपास खर्च कर क्षतिग्रस्त सड़क के स्थान पर नई सड़क बनाने की तैयारी शुरू कर दी है ताकि बारिश से पहले लोगों को क्षतिग्रस्त सड़क की वजह से होने वाली परेशानी से मुक्ति मिल सके।

## संपादकीय

# वंदे भारत में भी खराब खाना! सख्ती के दावों के बावजूद क्यों जारी है रेलवे की लापरवाही

रेल मंत्रालय ने लापरवाही बरतने पर आइआरसीटीसी पर दस लाख रुपए का जुर्माना लगाया, वहीं उस ट्रेन में खानपान सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी पर पचास लाख रुपए का जुर्माना लगाने के साथ-साथ अनुबंध खत्म करने का भी आदेश दिया। पिछले कुछ समय से सफर के दौरान ट्रेनों में यात्रियों को खराब खाना परोसे जाने की शिकायतें सुर्खियों में रही हैं। ऐसे मामले सामने आने के बाद भारतीय रेल की ओर से दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और भविष्य में बेहतर सेवा देने के आश्वासन दिए जाते हैं। मगर ऐसा लगता है कि संबंधित महकमों को ट्रेनों में खराब खाना देने की शिकायतों को गंभीरता से लेने और उसमें सुधार करने की कोई फिक्र नहीं है। वरना क्या वजह है कि जब कोई मामला तूल पकड़ लेता है, तब रेलवे के अधिकारी या मंत्रालय थोड़ा सक्रिय दिखते हैं, लेकिन कुछ दिनों बाद फिर से वही दशा आम हो जाती है। हालत यह है कि वंदे भारत जैसी जिन ट्रेनों को उच्च और प्रीमियम दर्जे की सुविधाओं से लैस बताया जाता है, उनमें भी खराब खाने की शिकायतें अक्सर आती रहती हैं। गौरतलब है कि पटना-टाटानगर वंदे भारत एक्सप्रेस में एक यात्री ने खाने में परोसे गए दही में कीड़ा होने की शिकायत की। आसपास मौजूद अन्य यात्रियों के साथ-साथ इसका वीडियो फैलने के बाद आम लोगों के बीच इस बात पर नाराजगी बढ़ी। इसके बाद रेल मंत्रालय ने लापरवाही बरतने पर आइआरसीटीसी पर दस लाख रुपए का जुर्माना लगाया, वहीं उस ट्रेन में खानपान सेवा मुहैया कराने वाली कंपनी पर पचास लाख रुपए का जुर्माना लगाने के साथ-साथ अनुबंध खत्म करने का भी आदेश दिया। इस तरह का यह कोई अकेला मामला नहीं है। पिछले वर्ष जुलाई में खुद रेल मंत्रालय ने संसद को बताया था कि 2024-25 के दौरान ट्रेनों में खराब खाने को लेकर 6,645 शिकायतें दर्ज की गई थीं। ऐसे मामले भी होते होंगे, जिनमें किसी यात्री को मिला खाना खराब होता होगा, लेकिन वे औपचारिक तौर पर शिकायत दर्ज नहीं कराते होंगे। सवाल है कि खानपान की गुणवत्ता को हर तरह से स्वच्छ और बेहतर बनाने का रेल महकमे का ढांचा आखिर कैसे काम करता है कि आए दिन यात्रियों को खराब खाना परोसे जाने के मामले सामने आते हैं। क्या यह यात्रियों की सेहत के साथ खिलवाड़ नहीं है? रेल मंत्रालय की ओर से कई बार सख्त कार्रवाई की जाती है, लेकिन बार-बार ऐसी शिकायतों के बावजूद इस समस्या पर लगाम लगाना मुश्किल क्यों बना हुआ है!

# ऑनलाइन वर्क के नाम पर 3.12 लाख की ठगी

## टास्क पूरा करने के झांसे में फंसा व्यक्ति

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति को घर बैठे ऑनलाइन काम का लालच देकर लाखों रुपये की चपत लगा दी। टेलीग्राम ऐप के माध्यम से शुरू हुए इस टास्क स्कैम में फरियादी ने मुनाफे के चक्कर में करीब 3.12 लाख रुपये गंवा दिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जांच शुरू कर दी है।

लसूड़िया पुलिस के मुताबिक फरियादी विनय कुमार चौरसिया निवासी पिंक सिटी, निरंजनपुर ने थाने पहुँचकर शिकायत दर्ज कराई है। विनय कुमार को कुछ समय पहले टेलीग्राम पर एक मैसेज मिला था, जिसमें वर्क फ्रॉम होम और आसान ऑनलाइन टास्क के जरिए मोटी कमाई का झांसा दिया गया था। ठगों ने शुरुआत में विनय को छोटे-छोटे टास्क दिए और विश्वास जीतने के लिए कुछ मामूली रकम वापस भी की। इसके बाद उन्हें वीआईपी टास्क और अधिक मुनाफे का लालच देकर बड़ी रकम निवेश करने के लिए उकसाया गया। विनय जालसाजों के झांसे में आ गए और अलग-अलग ट्रांजैक्शन के माध्यम से कुल 3,12,200 रुपये उनके बताए खातों में ट्रांसफर कर दिए। जब विनय ने अपना मुनाफा और निवेश की गई मूल राशि निकालनी चाही, तो ठगों ने टैक्स और प्रोसेसिंग फीस के नाम पर और पैसों की मांग शुरू कर दी। संदेह होने पर जब विनय ने पैसे देने से मना किया, तो आरोपियों ने उनसे संपर्क तोड़ लिया और टेलीग्राम ग्रुप से ब्लॉक कर दिया। खुद के साथ हुई ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने पुलिस की शरण ली।

# कार-रिक्शा और टू-व्हीलर हो रहे है खराब



**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** इंदौर के हर थाना क्षेत्र में जब्त वाहन का जखीरा दिखाई देता है। इन जब्त वाहनों का कोई रास्ता नहीं निकलता है और धीरे-धीरे यह वाहन थाना परिसर में खड़े होकर खराब से खराब स्थिति में पहुंच जाते हैं। बहुत लम्बे समय बाद इनकी नीलामी की जाती है। इन दिनों जूनी इंदौर थाना में भी फोर व्हीलर कार, रिक्शा, टू-व्हीलर वाहन का भरमार नजर आता है। ऐसी स्थिति हर थाना क्षेत्र में नजर आती है।

**छाया- नीलेश वर्मा**

# साले का पता न बताने पर हम्माल की बेरहमी से पिटाई

**इन्दौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र स्थित चोइथराम मंडी के पास एक हम्माल के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी का मामला सामने आया है। आरोपी अपने साले की तलाश में हम्माल के पास पहुँचे थे और जानकारी न देने पर उन्होंने युवक पर हमला कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर दो नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बदमाशों ने कान पर मारा कड़ा, दी जान से मारने की धमकी

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक फरियादी राहुल पिता इन्दर सिंह अलावा निवासी अभिनव नगर तीन इमली ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। राहुल चोइथराम मंडी स्थित अथर्व कोल्ड स्टोरेज में हम्माली का काम करता है। शनिवार को जब वह काम पर था, तभी क्षेत्र का बदमाश अजय राठौड़ निवासी तेजपुर गड़बड़ी अपने साथी शेखर बंजारा के साथ वहाँ पहुँचा।आरोपी अजय राठौड़ ने राहुल को रोककर अपने साले सुनील के बारे में पूछताछ शुरू की। अजय ने गुस्से में कहा कि कल भी मैंने सुनील को मारा था और आज भी मारूँगा, तू बता वह कहाँ है? जब राहुल ने यह कहा कि वह सुनील को नहीं जानता, तो अजय भड़क गया और राहुल के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि अजय ने राहुल की कनपटी पर जोर से थप्पड़ मार दिया। अजय ने हाथ में लोहे का भारी कड़ा पहन रखा था, जिससे राहुल के कान पर गंभीर चोट आई और खून निकलने लगा। फरियादी राहुल पर हमला होते देख मौके पर मौजूद दशरथ केवट और रवि ने बीच-बचाव किया और उसे आरोपियों के चंगुल से छुड़ाया। जाते-जाते अजय और उसके साथी शेखर बंजारा ने राहुल को धमकाते हुए कहा कि अगर तुमने सुनील के बारे में नहीं बताया, तो तुम्हें जान से खत्म कर देंगे।

# पैसे देने से मना किया तो किन्नर पर चाकू से हमला

## माता विसर्जन से लौटते समय रोका रास्ता

**इन्दौर।** राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में एक किन्नर के साथ मारपीट और चाकूबाजी की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। आरोपी पूर्व में फरियादी के साथ रह चुका है।आरोपी ने रुपयों की मांग पूरी न होने पर हमला कर दिया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ हमले और धमकी देने की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक फरियादी अमन उर्फ अलीशा किन्नर निवासी बुद्ध नगर ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। अलीशा ने बताया कि वह माता विसर्जन का कार्यक्रम संपन्न कर अपने घर लौट रही थी। इसी दौरान बुद्ध नगर चौराहे पर उसे आकाश उर्फ विकास निवासी अहिरखेड़ी ने रोक लिया। अलीशा के मुताबिक, वह करीब तीन साल पहले आकाश के साथ रहती थी।आरोपी आकाश ने अलीशा से रुपयों की मांग की। जब अलीशा ने रुपये देने से साफ मना कर दिया, तो आकाश गाली-गलौज करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अलीशा के बाल पकड़कर उसे सड़क पर पटक दिया और पास रखे चाकू से हमला कर दिया। हमले में अलीशा को चोट आई और खून निकलने लगा।अलीशा की चीख-पुकार सुनकर उसकी मौसी वंदना और ज्योति उसे बचाने दौड़ीं। आरोपी आकाश ने उनके साथ भी हाथ-मुक्कों से मारपीट की। भागते समय आरोपी ने अलीशा को धमकी देते हुए कहा कि अगर आइंदा पैसे देने से मना किया, तो तुझे जान से खत्म कर दूँगा।

# पेशी पर जा रहे युवक को बीच रास्ते रोका कार में की तोड़फोड़

**इंदौर ● सिटी ब्लास्ट**

देपालपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बिरगोदा में एक युवक पर हमले और उसकी कार में तोड़फोड़ का मामला सामने आया है। पीड़ित युवक कोर्ट पेशी के लिए अपने घर से निकला था, तभी रास्ते में हमलावरों ने उसे रोक लिया। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

देपालपुर पुलिस के मुताबिक फरियादी ईश्वर पिता भीम गिरी निवासी नागावाड़ी, इंगोरिया जिला उज्जैन ने थाने पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। ईश्वर शनिवार को अपनी कार से उज्जैन से देपालपुर कोर्ट में पेशी के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार ग्राम बिरगोदा के पास पहुँची, पहले से घात लगाकर बैठे आरोपियों ने उन्हें बीच रास्ते में ही रोक लिया।फरियादी ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने कार रुकवाते ही गाली-गलौज शुरू कर दी और उनके साथ मारपीट की। इस दौरान हमलावरों ने हाथ में लिए डंडे से कार पर हमला कर दिया, जिससे गाड़ी का डोर हैंडल टूट गया और वाहन को अन्य हिस्सों में भी नुकसान पहुँचा। विवाद के दौरान आरोपियों ने ईश्वर को डराते हुए जान से मारने की धमकी भी दी।

# कार टकराने पर डॉक्टर और दूसरे पक्ष के बीच हुई मारपीट

## पुलिस ने दोनों पक्षों पर दर्ज किया केस

**इन्दौर।** पलासिया थाना इलाके में शनिवार दोपहर दो कारों की टक्कर के बाद जमकर हंगामा हुआ। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों के बीच गाली-गलौज और मारपीट तक की नौबत आ गई। इस मामले में पलासिया पुलिस ने दोनों ही पक्षों की शिकायतों पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस केस दर्ज किया है।

पुलिस के मुताबिक पहली शिकायत डॉ. तानिया श्रीवास्तव निवासी शंकर नगर साकेत ने दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि शनिवार दोपहर मनीषपुरी बिजली ऑफिस के पास एक कार नंबर एमएच-12 वायएन 0068 के चालक ने उनकी गाड़ी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से डॉ. तानिया की कार के गेट और बोनट क्षतिग्रस्त हो गए।टक्कर के बाद कार से उतरे एक पुरुष और महिला ने उनके साथ अभद्रता की। विवाद के दौरान उनके साथी राकेश के साथ मारपीट की गई और आरोपियों ने पत्थर मारकर उनकी कार को नुकसान पहुंचाया।

वहीं, दूसरे पक्ष से सुशांत मिश्रा (निवासी बख्तावरराम नगर ने भी पुलिस में जवाबी रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. तानिया श्रीवास्तव अपनी कार एमपी-13 झेडएन 6635 को तेज और लापरवाही से चला रही थीं, जिसके कारण उनकी कार के हेडलाइट और फेंडर में नुकसान हुआ।सुशांत का आरोप है कि विवाद के दौरान मौके पर पहुँचे राकेश सारण ने उनके साथ मारपीट की, जिससे उनके हाथ में चोट आई है।

# इंदौर संभाग ने जीती माधवराव सिंधिया ट्रॉफी

## फाइनल में भोपाल संभाग को 16 रनों से हराया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट



एमपीसीए द्वारा आयोजित अंतर संभागीय माधवराव सिंधिया एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा का फायनल मैच इंदौर संभाग एवं भोपाल संभाग के मध्य ग्वालियर में खेला गया जिसमें इंदौर संभाग ने भोपाल संभाग को 16 रनों के अंतर से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की।

इंदौर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 360 रन बनाये। चंचल राठौर ने 74 रन, सागर सोलंकी ने 59 रन एवं अन्वेश चावला ने 62 रन व शुभम शर्मा ने 54 रन बनाये। भोपाल की ओर से प्रथ्वीराज तोमर ने 3 विकेट तथा प्रारब्ध मिश्रा व तनिष्क यादव ने 2 विकेट लिये। जवाब में भोपाल संभाग की टीम ने संघर्षपूर्ण तरिके से लक्ष्य का पीछा किया लेकिन वे 48 ओवरो में 344 रन ही बना सके और यह मैच 16 रनों के अंतर से हार गये इस तरह इंदौर संभाग ने विजेता होने का गौरव प्राप्त किया।

कनिष्क दुबे शानदार 102 रन एवं अरहम अकिल ने 75 रन व ओजस्व यादव ने 60 रन बनाये। सोरभ शर्मा ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट एवं अन्वेश चावला ने 2 विकेट लिये। इंदौर संभाग की इस जीत पर आईडीसीए के मुख्य संरक्षक कैलाश विजयवर्गीय, अध्यक्ष आकाश विजयवर्गीय, चैयरमैन संजय लुणावत, सचिव देवाशीष निलोसे, अमिताभ विजयवर्गीय, सुबोध गुप्ता, विरेन्द्र यादव, देवेन्द्र परमार एवं संदीप चौधरी, सुधीर रसाल एवं जयंत वानखेडे द्वारा टीम के कोच अमरदीपं सिंह पठानिया एवं सपोर्ट स्टाफ को बधाई एवं शुभकानाए दी गई।

# सार्थक की आक्रामक शतकीय पारी से इंदौर जीता



इंदौर। एमपीसीए द्वारा आयोजित अंतर संभागीय एस.एम. खान अंडर-18 एक दिवसीय क्रिकेट स्पर्धा के अंतर्गत इंदौर संभाग एवं भोपाल संभाग के मध्य खेला गया जिसमें इंदौर संभाग ने पहले खेलते हुए 50 ओवरो में 8 विकेट खोकर 317 रन बनाये । सार्थक वर्मा ने आक्रामक पारी खेलते हुए 6 चौके व 11 छक्को की मदद से 86 गेंद पर 133 रन एवं भव्य चौहल ने 44 रन बनाये। दिव्यांश व तेजस ने 2-2 विकेट लिये। जवाब में भोपाल संभाग की टीम 45 ओवरो में 189 रनों पर सिमट गई और यह मैच 128 रनों के अंतर से हार गई । रूद्रप्रताप सिंह ने 61 रन बनाये। प्रतिक दुबे ने 4 विकेट एवं अनय मिश्रा ने 2 विकेट लिये। सार्थक वर्मा को मैन आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया ।




# व्हीलचेयर फेंसिंग खिलाड़ी लवनीश खन्ना ने राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार भाग लिया

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

पैरालंपिक कमिटी ऑफ इंडिया के तत्वावधान में दिव्यांग पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान द्वारा इनडोर हॉल, सवाई मानसिंह स्टेडियम, जयपुर में 24 से 27 मार्च तक आयोजित द्वितीय राष्ट्रीय पैरा फेंसिंग प्रतियोगिता में इंदौर के उभरते हुए खिलाड़ी लवनीश खन्ना ने पहली बार राष्ट्रीय स्तर पर भाग लेकर एक नई पहचान बनाई। यह उनके खेल जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव रहा, जहां उन्होंने फॉइल इवेंट में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

लवनीश खन्ना का यह सफर आसान नहीं रहा। व्यक्तिगत जीवन में कई कठिन परिस्थितियों का सामना करने के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी। सीमित संसाधनों और चुनौतियों के बीच उन्होंने अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखा। उनके पिता नितिन खन्ना का निरंतर सहयोग और कोच मास्टर सईद आलम के मार्गदर्शन उनके लिए सबसे बड़ी ताकत बना, जिसने हर मुश्किल घड़ी में उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

# संजना सेन ने जीता रजत पदक

इंदौर। मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं विधायक रमेश मेंदोला की अध्यक्षता में मां कनकेश्नरी देवी विद्यालय के खेल परिसर में आयोजित की जा रही 15वीं सीनियर राष्ट्रीय कराश प्रतियोगिता का शुभारंभ पेरिस पेरा ओलंपिक जूडो खेल के पदक विजेता एवं अर्जुन अवार्डी कपिल परमार के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ । कार्यक्रम में कुराश संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि कपूर, महासचिव विक्रांत कुमार, सोमबीर पावरिया, अंकश नागर, धनेश व्यास भी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत विवेक स्वामी, राहल व्यास, महेश पुरोहित, विक्रम डांगी, वैशाली तिवारी, बृजेश दुरंते, ललित पानेरी, कुशाग्र व्यास ने किया। पहले दिन दिल्ली, पंजाब, हरियाणा के खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन किया । मध्य प्रदेश की संजना सेन ने 44 किलो से कम वजन में रजत पदक प्राप्त प्रदेश का गौरव बढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन परिचय मिश्रा ने किया एवं आभार व्यक्त कैलाश बाथम ने किया।

# म.प्र. के रूहान जीत के साथ अगले दौर में

इंदौर। म.प्र. टेनिस संघ के तत्वावधान में इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट में म.प्र. के रूहान तलरेजा ने शानदार खेल दिखाते हुए क्वालीफाइंग दौर में जीत के साथ आगाज किया और अगले दौर में आसानी से प्रवेश किया। वहीं शीर्ष वरीयता खिलाड़ियों ने भी अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज की।



इंदौर टेनिस क्लब में शनिवार से शुरू हुए में इंदौर ओपन एशियन जूनियर अंडर-14 टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग दौर के मुकाबलों में राउंड 32 के मुकाबलों में मध्यप्रदेश के रूहान तलरेजा ने अपनी उम्दा सर्विस और ग्राउंड स्ट्रोक की बदौलत रेयान वेपाकोम्मा को 6-4, 6-3 से पराजित कर अगले दौर में जगह बनाई। वहीं शीर्ष वरीयता प्राप्त के. रघुवंशी ने अमन दीवान को सीधे सेटों में 6-2, 6-2 से हराकर अपनी जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई। वहीं अन्य मुकाबलों में तीसरी वरीयता प्राप्त अपार शर्मा ने मुथु जयंत को आसानी से 6-3, 6-1 से, प्रवीण चाबुस्कवार ने शुशांत मीना को 6-2, 6-2 से, रिशिराज दास वने हर्षिव को 6-2, 6-3 से, दूसरी वरीयता प्राप्त अयान दहिया ने शिवांक बरवड़े को 6-1, 6-2 से पराजित कर अगले दौर में जगह बनाई।

टूर्नामेंट डायरेक्टर परीक्षित शर्मा ने बताया कि प्रदेश व शहर के जूनियर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिलने जा रहा है। रविवार को भी सुबह से इंदौर टेनिस क्लब में क्वालीफाइंग दौर के अंतिम दौर के मुकाबले खेले जाएंगे। उसके बाद शीर्ष चार खिलाड़ी मुख्य दौर में प्रवेश करेंगे। मुख्य दौर के मुकाबले सोमवार से शुरू होंगे। उन्होंने बताया कि इस टूर्नामेंट के माध्यम से खिलाड़ियों को एशियाई रैंकिंग अंक प्राप्त होंगे।

# पुलिस ने की विशेष कार्यशाला



इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )। इन्दौर पुलिस ने महिला सुरक्षा एवं उनके सशक्तिकरण के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से एक दिवसीय विशेष कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला में महिला अपराधो व उनकी सुरक्षा, स्थानीय कुरुतियों, बाल विवाह के प्रति जनजागरूकता के साथ ही महिलाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं से रुबरु करवाया गया। सेल्फ डिफेंस की टिप्स भी दी गई।

## सनाढ्य ब्राह्मण समाज का परिचय सम्मेलन शुरू

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। सनाढ्य ब्राह्मण समाज का आज 2 हजार के करीब प्रविष्टियों के साथ परिचय सम्मेलन राजीव गांधी चौराहा स्थित गार्डन पर शुरू हुआ। बड़ी संख्या में समाजजन प्रत्याशी, अभिभावक की मौजूदगी बनी हुई है। दीपक शर्मा, संजय जारोलिया, भगवती शर्मा, अनिल शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, पप्पू शर्मा ने बताया कि इसी बायोडाटा के आधार पर आज प्रदेश के और भी शहरों में यह परिचय सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। समितियों का गठन भी किया गया, परिचय पुस्तिका का प्रकाशन भी किया गया।

## सोलंकी की पुस्तक का विमोचन कल

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पत्र लेखक मंच के प्रांतीय अध्यक्ष और साहित्यकार दिनेश तिवारी उपवन ने बताया कि कल 30 मार्च सोमवार को शाम 4 बजे से 6 बजे तक प्रेस क्लब में पत्रकार और लेखक दिनेश सोलंकी की पुस्तक जियो तो बिंदास जिओ का विमोचन होगा। डॉ. योगेन्द्रनाथ शुक्ला, दीपक कर्दम, माया बदेता, मीरा जैन, डॉ. अखिलेश राव अतिथि होंगे। नृत्यांगना नंदिशा जैन शिव तांडव की प्रस्तुति देगी, रचनाकारों द्वारा प्रस्तुति भी दी जाएगी।

## दिल की बात प्रभु महावीर के साथ आज शाम

इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। महावीर प्रेरणा महोत्सव के अन्तर्गत आज शाम 7 बजे से राजवाड़ा पर आओ करे दिल की बात प्रभु महावीर के साथ का आयोजन किया गया है। लाइट एंड साउंड शो अभिताभ बच्चन की आवाज में करीब 30 मिनट प्रदर्शित किया जाएगा और उसके बाद 40 जैन महिलाओं की सामूहिक मंगलाचरण प्रस्तुति होगी, वंदे मातरम भी किया जाएगा। महिलाओं द्वारा बैंड की प्रस्तुति, महावीर भक्ति का दिव्य दर्शन, 6 वर्षीय बालक अग्रिम रांका द्वारा ध्वज के आधार पर देशों के नाम बताए जाएंगे, सामूहिक भक्ति का आनन्द होगा आखिरी में रात राष्ट्रगान के साथ समापन होगा। अ.भा.जैन श्वेतांबर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन की शोभा जैन ने उक्त जानकारी दी।

# अवैध मादक पदार्थ की गतिविधियों को लेकर बैठक में सख्ती के निर्देश



इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )। पुलिस आयुक्त संतोषकुमार सिंह ने नगरीय क्षेत्र के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक आयोजित की। इसमें बेहतर पुलिस व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डायल-112 के और ज्यादा बेहतर संचालन को लेकर भी दिशा-निर्देश दिए और कहा कि 112 डायल के लिए लगातार मॉनिटरिंग की जाए, वहीं अवैध मादक पदार्थ की गतिविधियों की रोकथाम कैसे हो, उसके लिए विशेष प्रयास प्रभाविक रूप से किए जाए। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी अमितसिंह, आरके सिंह एवं उपायुक्त भी मौजूद रहे। थाना क्षेत्र की एफआरवी वाहन में पूर्ण स्टाफ रहे और उनकी थाना प्रभारियों द्वारा निगरानी रखी जाए और वरिष्ठ अधिकारी भी इनकी समीक्षा करें और यह वाहन लगातार क्षेत्र में पेट्रोलिंग करें, सूचना आने पर तत्काल वहां पहुंचे। महिला सुरक्षा, यातायात, साइबर अपराध और अन्य सामाजिक विषय पर भी जनजागरूकता लाई जाए। मोहल्ला समितियों के साथ बैठकें भी हो और उनकी समस्याएं सुनी जाए।

राष्ट्रीय सीनियर नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप शुरू

# देशभर से आए 400 से ज्यादा बॉडी बिल्डर, कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी



**इंदौर।** इंडियन बॉडी बिल्डर फेडरेशन के तत्वावधान में राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश मुख्यालय उज्जैन द्वारा 17वीं सीनियर मेंस एंड वूमेंस नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप 2026 का आयोजन आज बॉस्केटबॉल क्लब में किया जा रहा है। जिसमें महिला व पुरुष बॉडी बिल्डर संगीत की धून पर अपनी मांसपेशियों की कला दिखाएंगे। इस प्रतियोगिता में कई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी शिरकत कर रहे है।

स्पर्धा का शुभारंभ मंत्री तुलसी सिलावट ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों के उत्साह में अभिवृद्धि करते हुए कहा कि खेल राष्ट्र की अस्मिता, वैभव एवं प्राण है स्वस्थ युवा देश की ताकत एवं ऊर्जा है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए मध्य प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ निशांत खरे ने कहा कि युवा देश की ताकत स्वाभिमान है, स्वस्थ पीढ़ी ही देश को उन्नति के शिखर पर ले जाती है। इस अवसर पर राष्ट्रीय चैंपियनशिप की जानकारी इंटरनेशनल जनरल सेक्रेटरी बॉडीबिल्डिंग चेतन पठारे ने दी । उन्होंने बताया कि देशभर के 400 से भी अधिक खिलाड़ी ऑफिशल्स खेल नगरी इंदौर में संगीत की धुन पर थिरकते हुए मांसपेशियों की दावत आज सुबह से रात्रि तक बास्केटबॉल कोर्ट में प्रदान कर रहे है। कार्यक्रम के विशेष अतिथि इंदौर के विधायक गोलू शुक्ला थे । समारोह में वर्ल्ड चैंपियन पद्मश्री प्रेमचंद डींगरा, राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी रमेश, वर्ल्ड पदाअधिकारी अमित स्वामी, अर्जुन अवार्ड भास्कर, वॉयस प्रेसिडेंट तुलसी सूजन, हिरल सेठ प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। राष्ट्रीय चैंपियनशिप का गरिमामय संचालन शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया। अतिथियों का स्वागत महासचिव अतिन तिवारी, इंटरनेशनल रेफरी रोहित जेठवा, जितेंद्र सिंह कुशवाह, प्रेम सिंह यादव ने किया । इस अवसर पर खेल मित्र अवार्ड से जगदीश जेठवा का विशिष्ट खेल अभिनंदन किया गया।

## ईशान किशन ने हार का स्वाद चखने के बाद क्यों कही ये बात?

**बेंगलुरु।** ईशान किशन का बतौर कप्तान आईपीएल 2026 में डेब्यू हार का साथ हुआ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ईशान किशन का बतौर कप्तान आईपीएल 2026 में डेब्यू हार का साथ हुआ। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। ईशान किशन ने हालांकि बल्ले से जरूर गदर काटा। उन्होंने 38 गेंदों पर 8 चौकों और 5 गगनचुंबी छक्कों की मदद से 80 रनों की धुआंधार पारी खेली, जिसके दम पर हैदराबाद की टीम निर्धारित 20 ओवर में 201 के स्कोर तक पहुंचने में कामयाब रही। हालांकि एसआरएच के गेंदबाज इस स्कोर को डिफेंड नहीं कर पाए। आरसीबी ने महज 15.4 ओवर में विराट कोहली के नाबाद अर्धशतक के दम पर टारगेट चेज कर लिया। ईशान किशन ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि पहले 3-4 ओवरों के बाद विकेट ने निश्चित रूप से अच्छा साथ दिया। आप जानते हैं, हमने शुरुआत में ही कुछ विकेट गंवा दिए थे, और अगली बार हमें इस बात का ध्यान रखना होगा, क्योंकि दूसरी पारी में विकेट को देखते हुए, उस पर बैटिंग करना काफी आसान था और गेंद भी काफी अच्छे से बैट पर आ रही थी।




# मुंबई के सामने पहली चुनौती केकेआर की

**मुंबई।** मुंबई इंडियंस आईपीएल 2026 का अपना पहला आज कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेलेगी। एमआई 14 साल बाद आईपीएल में अपना पहला मैच जीतना चाहेगी।

खेल के सभी विभागों में मजबूत दिख रही मुंबई इंडियंस की टीम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पांच साल के खिताब के सूखे को खत्म करने के लिए रविवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) का सामना करेगी, जिसकी टीम कुछ खिलाड़ियों के चोटिल होने से कमजोर नजर आ रही है। मुंबई इंडियंस ने 2013 से लेकर 2020 के बीच पांच बार खिताब जीता था लेकिन वह पिछले कुछ वर्षों से चैंपियन नहीं बन पाया है। इस बार उसकी निगाह अपना छठा खिताब जीतने पर होगी और इसके लिए वह शानदार शुरुआत करने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। मुंबई इंडियंस ने 2012 में अपना आखिरी आईपीएल ओपनर जीता था। केकेआर की कमजोर दिख रही टीम के खिलाफ 14 साल बाद उनके पास यह कारनामा करने का मौका है। पिछले साल हार्दिक पांड्या की अगुवाई वाली टीम क्वालीफायर दो में पंजाब किंग्स से हारने के बाद तीसरे स्थान पर रही थी, लेकिन मुंबई इंडियंस इस बार अच्छी तैयारी के साथ मैदान पर उतर रहा है।

रोहित शर्मा फॉर्म में वापसी करने के लिए उत्सुक होंगे। रोहित के अलावा उसकी टीम में कई स्टार खिलाड़ी हैं जिनमें भारत की टी20 विश्व कप विजेता टीम के खिलाड़ी कप्तान सूर्यकुमार यादव, पांड्या, तिलक वर्मा और जसप्रीत बुमराह भी शामिल हैं।

मुंबई इंडियंस के पास कई शानदार विदेशी खिलाड़ी भी हैं, जिनमें रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, न्यूजीलैंड के कप्तान मिशेल सेंटनर, विल जैक्स, एएम ग़ज़नफ़र और ट्रेंट बोल्ट प्रमुख हैं। बुमराह और बोल्ट की जोड़ी खतरनाक साबित हो सकती है। शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर के रूप में मुंबई इंडियंस के पास दो अनुभवी भारतीय गेंदबाज हैं, जबकि नमन धीर एक बार फिर फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाने की कोशिश करेंगे। पिछले साल उन्होंने अपनी इस भूमिका के साथ पूरा न्याय किया था। केकेआर की टीम में सीएसके के दो पूर्व खिलाड़ी रचिन रविंद्र और मथीशा पथिराना भी शामिल हैं। टिम सीफर्ट विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर एकमात्र शुरुआती विकल्प हैं, जबकि उनके पास कैमरन ग्रीन और सुनील नारायण के रूप में दो बेहतरीन ऑलराउंडर भी मौजूद हैं।



## मध्यप्रदेश सीनियर महिला हैंडबॉल टीम घोषित

इंदौर ● सिटी ब्लास्ट

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान मे उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन द्वारा 54 वी राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता बरेली उप्र में 30 मार्च से 3 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है । मध्यप्रदेश हैंडबॉल संघ की टीम की घोषणा अध्यक्ष दीपक जैन टीनू व महासचिव हरदीप सिंह रुप्पल ने की। टीम इस प्रकार है:- दिशा देवा (कप्तान), दीपांजलि, शिवानी मेहरा, अभिलाशा सिंह, श्रृष्टि सिंह, रितू कुशराम, भूमि सोनी, काजल मिश्रा, पलक पवार, धापू दया, मोनिका, खूशी कुमारी, शिवरानी यादव, अस्मिता पाण्डेय, संगीता उईके, आरूणी बथेरी, मोनिका ठाकुर, महिमा, कोच दुर्गा तिवारी, मेनेजर कल्पना मालवीय है। टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए कोषाध्यक्ष कुलवंत सिंह, उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी, अशोक चौहान,निर्मल सेठी, गुरमीत सिंह संधू, इन्द्रजीत सिंह गिल, निरज सिंह पवार, सोमप्रताप सिंह, मधु करोले, दीपेश पवार, राहुल चित्रे, राजू शर्मा आदि ने बधाई दी। उक्त जानकारी हरदीप सिंह रुप्पल ने दी।



# रजत ने विराट कोहली नहीं, इसे बताया जीत का हीरो

**बेंगलुरु।** रजत पाटीदार ने पहले तीन ओवर में अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड के विकेट को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया। हालांकि इन दोनों विस्फोटक बल्लेबाजों को खोने के बावजूद हैदराबाद 200 पार पहुंचने में कामयाब रहा था।

डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल 2026 का आगाज धमाकेदार जीत के साथ किया। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने 15.4 ओवर में 200 से अधिक रन का टारगेट चेज कर इतिहास रचा। आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इस रनचेज में अहम भूमिका निभाई। कप्तान रजत पाटीदार ने उनकी तारीफ में कसीदे तो पढ़ी है, मगर उन्होंने पहले तीन ओवर को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया। आरसीबी के लिए डेब्यू कर रहे जैकब डफी ने पहले तीन ओवर में ही अभिषेक शर्मा और ट्रैविस हेड को आउट कर पवेलियन का रास्ता दिखाया था। हालांकि इसके बावजूद सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ईशान किशन के तूफानी अर्धशतक के दम पर 200 रन का आंकड़ा पार करने में कामयाब रही थी।

रजत पाटीदार ने मैच के बाद कहा, जिस तरह से लड़कों ने खेला और सबने मिलकर योगदान दिया, वह एक अच्छा संकेत था। सबसे पहले, यह हमारे लिए सीज़न का पहला मैच था, और जिस तरह से सबने मिलकर टीम के लिए प्रदर्शन किया, मुझे लगता है कि यह हमारे लिए एक बहुत ही सकारात्मक संकेत था।



**आरसीबी वि. एसआरएच मैच का टर्निंग पॉइंट-** जिस तरह से डफी ने अपना पहला मैच खेला और जिस तरह से उन्होंने गेंदबाज़ी की, मुझे लगता है कि वह सचमुच बहुत प्रभावशाली था। जिस तरह से उन्होंने हेड और अभिषेक के विकेट लिए, मुझे लगता है कि वह हमारे लिए मैच का टर्निंग पॉइंट था।

**विराट कोहली नंबर-1 बल्लेबाज-** उन्होंने कहा कि यह कोई तय नीति नहीं है, बल्कि हम विकेट का आकलन कर रहे हैं। विकेट बल्लेबाजी के लिए अच्छा था। जिस तरह से विराट कोहली और देवदत्त पडिक्कल ने अपनी पारियां खेलीं, मुझे लगता है कि उससे बाकी बल्लेबाज़ों के लिए एक मज़बूत नींव रखी गई। इसलिए हम बस ऐसा ही करते रहेंगे। मुझे लगता है कि उनके (कोहली) लिए मेरे पास कोई शब्द नहीं हैं। जब भी वह मैदान पर उतरते हैं, खासकर जब टीम लक्ष्य का पीछा कर रही होती है, तो वह एक नंबर एक बल्लेबाज की तरह प्रदर्शन करते हैं। जिस तरह से उन्होंने बल्लेबाजी की और आखिर तक क्रीज़ पर टिके रहे, वह शानदार था।

**फिल सॉल्ट के जबरदस्त कैच से पाटीदार भी हैरान-** फिल सॉल्ट ने बहुत ही जबरदस्त कैच लपका। मैं खुद हैरान रह गया था! लेकिन जैसा कि आप जानते हैं, वह एक बहुत अच्छे फील्डर हैं। मैंने उन्हें हवा में कई कैच लपकते देखा है, इसलिए वह एक बेहतरीन प्रयास था।

# लापता युवक का हाईवे पर मिला शव



**इन्दौर।** मल्हारगंज थाना क्षेत्र से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए एक युवक का शव इच्छापुर हाईवे पर मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान इंदौर निवासी अखिल सोनी के रूप में हुई है, जो शुक्रवार सुबह घर से नाश्ते का कहकर निकला था। युवक का शव हाईवे पर निर्माणाधीन ओवरब्रिज के पास एक पुलिया के किनारे मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

अग्रसेन नगर एयरपोर्ट रोड निवासी अखिल सोनी पिता अनिल सोनी शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे अपने घर से यह कहकर निकला था कि वह बाहर नाश्ता करने जा रहा है। लेकिन जब घंटों बीत जाने के बाद भी वह वापस नहीं लौटा और उसका मोबाइल भी बंद आने लगा, तो परिवार की चिंता बढ़ गई। देर शाम तक कोई सुराग न मिलने पर परिजनों ने मल्हारगंज थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

अखिल के पिता अनिल सोनी ने बताया कि वे लोग लगातार अखिल की तलाश में जुटे थे। इसी बीच सूचना मिली कि बलवाड़ा क्षेत्र में इच्छापुर हाईवे पर एक युवक का शव पड़ा है। मौके पर पहुँचकर जब शिनाख्त की गई, तो वह अखिल ही निकला। घटनास्थल पर युवक की बाइक और अन्य सामान की स्थिति को देखते हुए पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है। बलवाड़ा पुलिस ने शव को बरामद कर बड़वाह के सिविल अस्पताल के मर्चुरी रूम में रखवाया है। मौत का कारण अभी पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। शरीर पर चोट के निशान या दुर्घटना की संभावनाओं की जांच की जा रही है। शुरुआती तौर पर मर्ग कायम किया गया है और विस्तृत स्थिति पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी।

# पुराने परिचित ने छात्रा के साथ बगीचा में कर दी हरकत

## चिल्लाने के बाद लोगों ने कर दी पिटाई

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट प्रतिनिधि )।** नागदा की रहने वाली छात्रा इंदौर में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी और पिताजी के घर पर टाइल्स लगाने का काम करने वाले दूसरे वर्ग के आदिल पटेल से छात्रा का सिर्फ काम करने के कारण परिचय था। आदिल छात्रा को फोन भी लगाने लगा और वह छात्रा से फोन पर बात भी करने लगा और इंदौर भी आ गया। छात्रा एरोड्रम थाना क्षेत्र के बिजासन रोड स्थित कालोनी में रहती है और नागदा के आदिल पटेल ने फोन पर बात कर मिलने की इच्छा जाहिर की। बिजासन रोड के बिजासन कालोनी के बगीचे में दोनों के बीच मुलाकात हुई और आदिल ने शादी का प्रस्ताव भी रखा, तब छात्रा ने कहा कि उसकी बात और कहीं चल रही है इसलिए वह शादी नहीं कर सकती है। इस पर आदिल भड़क उठा और कहा कि मुझसे शादी नहीं करोगी तो मैं खत्म कर दूंगा, शादी तुड़वा दूंगा इसके बाद भी छात्रा ने शादी से इंकार कर दिया। इस पर आदिल पटेल ने छात्रा से बगीचे में ही अश्लील हरकत करना कल दोपहरी में शुरू कर दी, इस पर छात्रा चिल्लाई वहां मौजूद लोगों ने आदिल की पिटाई भी की और मामला थाना तक पहुंचा और छात्रा ने रिपोर्ट भी दर्ज कराई। छात्रा की मदद कुलदीप और राहुल ने भी की और घटना की जानकारी छात्रा के पिता व भाभी को भी दी गई। इधर एरोड्रम थाना ने बताया कि छात्रा की शिकायत पर आदिल पटेल के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी कर ली गई है।





# घायल मजदूर की उपचार के दौरान मौत

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** बेटमा थाना क्षेत्र में रहने वाले 50 वर्षीय मजदूर बहादुर पिता देवा की इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। बताया जा रहा है कि गत दिनों बहादुर अपने घर से बीड़ी लेने के लिए निकला था, तभी एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी थी। गंभीर रूप से घायल बहादुर का पिछले कुछ दिनों से अस्पताल में उपचार चल रहा था, जहाँ कल उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी है।

# युवक ने फांसी लगा कर की आत्महत्या

**इन्दौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** हीरानगर थाना क्षेत्र के शारदा नगर में एक 28 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान कृष्णकांत पिता रविशंकर के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। हीरानगर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# निर्माणाधीन मकान में हादसा महिला की गिरने से मौत

**इन्दौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में निर्माणाधीन मकान में काम के दौरान एक महिला की गिरने से मौत हो गई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक निपानिया कांकड़ में रहने वाली लाड़की पति कन्हैयालाल पिछले दिनों धनलक्ष्मी नगर स्थित प्लॉट नंबर 78 के निर्माणाधीन मकान में सफाई कार्य कर रही थी। इसी दौरान बिना रैलिंग वाली टाइल्स युक्त सीढ़ी और पास की खुली डक्ट पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण वह दूसरी मंजिल से फिसलकर नीचे ग्राउंड फ्लोर पर गिर गई। गिरने से महिला के सिर में गंभीर चोट आई और खून बहने लगा। परिजन उसे तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने लापरवाही को लेकर तरनजीत नारंग के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# खड़ी कारों में जा घुसी अनियंत्रित कार

## सराफा चौपाटी पर आए लोगों ने की थी कार पार्क

**इंदौर ( सिटी ब्लास्ट न.प्र. )।** सराफा थाना क्षेत्र के खजूरी बाजार में बीती रात एक अनियंत्रित कार सडक किनारे खडी कारों में जा घुसी।

मिली जानकारी के अनुसार घटना कल रात को खजूरी बाजार स्थित राजकमल बैण्ड के समीप हुई। कार क्रमांक एमपी-09 डीयू-0356 अनियंत्रित होकर सडक किनारे खडी कार क्रमांक एमपी-13 झेडक्यू-5642 में जा घुसी। वहीं एक अन्य कार भी क्षतिग्रस्त हुई है। टक्कर के बाद कार चालक ने मौके से भागने का प्रयास किया, लेकिन पीछा कर लोगों ने उसे पकड़ लिया। गई। भीड़ ने कार चालक को भी दबोच लिया। बताया जा रहा है कि सराफा चौपाटी पर चौपाटी गए थे और जब वे लौटे तो उनकी कार क्षतिग्रस्त मिली। सराफा पुलिस ने मौके पर खडा करवा दिया और चालक के खिलाफ कार्रवाई भी की।







# नशे में धुत कार सवारों का उत्पात, चेकिंग के दौरान पुलिसकर्मी से मारपीट

**इन्दौर।** कनाड़िया थाना क्षेत्र में बीती रात चेकिंग के दौरान शराब के नशे में धुत कार सवारों द्वारा एक पुलिसकर्मी के साथ जमकर मारपीट की।आरोपियो ने न केवल ड्यूटी पर तैनात जवान की वर्दी फाड़ने की कोशिश की, बल्कि सरकारी काम में बाधा डालते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। कनाड़िया पुलिस के मुताबिक फरियादी पुनित चौबे बिचोली मर्दाना स्थित के-2 ढाबा के पास चेकिंग पॉइंट पर अपनी ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान एक कार नंबर एमपी-09 डब्ल्यूएम 2288 को संदिग्ध पाकर रोका गया। जब चालक की ब्रीथ एनालाइजर से जांच की गई, तो मशीन के आंकड़े देखकर पुलिस भी हैरान रह गई। चालक के शरीर में अल्कोहल की मात्रा 265.9 एमजी/100एमएल पाई गई, जो निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक थी। जैसे ही पुलिस ने नशे में धुत होने की पुष्टि की और कार्रवाई शुरू की, कार चालक यशवर्धन खंडेलवाल और उसका साथी करण आगबबूला हो गए। दोनों ने आव देखा न ताव और पुलिसकर्मी पुनित के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपियों ने जवान की वर्दी पकड़कर झूमाझटकी की और उनके साथ हाथ-थप्पड़ों से मारपीट की। आरोपियों ने सरेराह हंगामा करते हुए पुलिस टीम को जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद मौके पर मौजूद अन्य पुलिसकर्मियों ने स्थिति को संभाला और दोनों आरोपियों को हिरासत में लिया।

## सूने मकान को बनाया निशाना

# लाखों के सोना चांदी के जेवर चोरी

**इन्दौर।** तिलकनगर थाना क्षेत्र में सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात बदमाश द्वारा सोने चांदी के आभूषण चोरी करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक फरियादी संदीप जोशी निवासी गणेशधाम एनेक्स-बी ने शिकायत दर्ज कराई कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर की अलमारी का ताला तोड़ दिया। आरोपी अलमारी में रखे दादी के सोने का हार, कान के टॉप्स, एक अन्य सोने का हार, सोने की चेन, नथ, सोने की अंगूठी सहित चांदी की पायल, कमर का कंदोरा, बिछिया और अन्य चांदी के सामान चोरी कर ले गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौका मुआयना कर अज्ञात आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है तथा आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

स्वामी मुद्रक प्रकाशक, महेश मूंगड़ द्वारा मूंगड़ पब्लिकेशन 242-43, जवाहर मार्ग, राजमोहल्ला चौराहा, इन्दौर ( म.प्र. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित ।
सम्पादकः- महेश मूंगड़ 98273-69587, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा ।